www.tamsasanket.com

वर्षः 29 || अंक 134 || अम्बेडकरनगर

मंगलवार

04 अगस्त 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः₹2

आज़ादी का अमृत महोत्सव

दैनिक

# तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

>> डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र


**मौसम**
सूर्योदयः 05:32
सूर्यास्तः 06:53
अधिकतमः 29°00
न्यूनतमः 27°00



पेज 07 >>

विशेष समाचार | यूपी एग्री-वोल्टेइक परियोजना ... >> पेज 04 | छात्रा के सिर पर गिरा पोल... >> पेज 06 | टीवी एक्ट्रेस अदिति शर्मा के ...

## पीके को भाजपा-राजद मिलकर भी नहीं हरा पाई






■ कांग्रेस की ओर से घनश्याम सिंह (बाएं) और बीजेपी की ओर से आशुतोष तिवारी (दाएं) को उम्मीदवार बनाया गया था

### दतिया विधानसभा सीट (मध्य प्रदेश)

मध्य प्रदेश में बीजेपी ने इस बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्ठभूमि से आने वाले आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार बनाया था. साल 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के राजेंद्र भारती ने नरोत्तम मिश्रा को 7,500 से अधिक मतों से हराया था. हालांकि, दिल्ली की एक अदालत ने अप्रैल में धोखाधड़ी के एक मामले में भारती को तीन वर्ष के कारावास की सज़ा सुनाई थी, जिसके बाद उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त हो गई और दतिया सीट पर उपचुनाव कराए गए.

>> (शेष पेज 06 पर)



■ मांजलपुर में मुख्य मुक़ाबला सत्तारूढ़ बीजेपी के उम्मीदवार सतीश गोविंदभाई पटेल (बाएं) और कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री भीखाभाई रबारी (दाएं) के बीच था

### मांजलपुर विधानसभा सीट (गुजरात)

गुजरात की मांजलपुर विधानसभा सीट पर 30 जुलाई को हुए उपचुनाव में 37.5% मतदान हुआ. साल 2022 के विधानसभा चुनाव में यहां 63.61% मतदान दर्ज किया गया था. बीजेपी के वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री योगेश पटेल के 2 जून को लंबी बीमारी के बाद निधन के कारण इस सीट पर उपचुनाव कराया गया.

मांजलपुर में मुख्य मुक़ाबला बीजेपी के उम्मीदवार सतेंद्रभाई पटेल और कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री भीखाभाई रबारी के बीच था.

>> (शेष पेज 06 पर)

## सरकारी बोली- मार्क जुकरबर्ग पीएम मोदी से माफी मांगें

नई दिल्ली। कम्युनिकेशन और IT की संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष निशिकांत दुबे ने सोमवार को कहा कि पीएम मोदी का वीडियो हटाने के लिए मेटा सीईओ मार्क जुकरबर्ग को माफी मांगनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि कमेटी ने पिछले महीने फेसबुक से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वीडियो हटाए जाने को गंभीरता से लिया है। इन कंपनियों की नीति नए लोगों को प्राथमिकता देने की है। अगर वे माफी नहीं मांगते तो IT एक्ट 79 के तहत मिलने वाला सेफ हार्बर प्रोटेक्शन वापस ले लिया जाएगा।

दरअसल, पीएम मोदी ने 23 जुलाई को पेपर लीक को गंभीर विषय बताते हुए एक वीडियो जारी किया था। इसे मेटा ने रात 12:30 बजे से सुबह 5:00 बजे तक हटा दिया था। लेकिन बाद में उसे रिस्टोर कर दिया गया।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर संसद में हंगामा

## सुप्रीम कोर्ट के जजों की संख्या बढ़ाने वाला बिल पास

**चर्चा**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर लोकसभा में विपक्षी सदस्यों के लगातार हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही मंगलवार तक स्थगित कर गई है। इसके पहले लोकसभा ने सुप्रीम कोर्ट के जजों की संख्या (CJI सहित) 34 से बढ़ाकर 38 करने संबंधी बिल बिना चर्चा के पास कर दिया।

वहीं राज्यसभा ने 'माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज डेवलपमेंट (अमेंडमेंट) बिल, 2026' पास कर दिया गया। इस बिल का मकसद MSME को पेमेंट में देरी



■ राज्यसभा में एमएसएमई संशोधन बिल को मंजूरी

की समस्या को हल करना है। इसके बाद सदन की कार्रवाई मंगलवार तक स्थगित कर दी गई। विपक्षी सांसदों ने प्रश्नकाल शुरू होते ही नीट पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर पुलिस कार्रवाई और राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर हंगामा शुरू कर दिया।

>> (शेष पेज 06 पर)

# बांकीपुर के बॉस बने प्रशांत किशोर

## विधानसभा उपचुनावः दतिया में कांग्रेस और मांजलपुर में बीजेपी ने दर्ज की जीत

**परिणाम**

तमसा संकेत, एजेंसी

पटना/भोपाल/अहमदाबाद । बिहार, मध्य प्रदेश और गुजरात की तीन विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों के रिजल्ट आ गए हैं। एमपी के दतिया में कांग्रेस और गुजरात में भाजपा जीत गई है।

बिहार के बांकीपुर में नितिन नवीन की सीट पर प्रशांत किशोर जीत गए हैं। जन सुराज पार्टी के फाउंडर प्रशांत किशोर 19,324 वोटों से जीते हैं। प्रशांत को 64,151 वोट मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार को 44,827 वोट मिले हैं। बांकीपुर सीट भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की पारंपरिक सीट है। वे यहां से लगातार 5 बार विधायक रहे हैं। उनके राज्यसभा जाने के बाद इस सीट पर उपचुनाव कराया गया। काउंटिंग के दौरान चुनाव आयोग की वेबसाइट पर कुछ गड़बड़ देखने को मिली। सुबह से वेबसाइट पर 31 राउंड की काउंटिंग बताई जा रही थी। 31 राउंड पूरे होते ही पहले 32 और फिर 36 राउंड काउंटिंग दिखाई जाने लगी। बाद में फिर 32 राउंड की काउंटिंग दिखा दी गई।

>> (शेष पेज 06 पर)



■ पटना में जन सुराज कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है। वडोदरा में भाजपा समर्थकों ने जीत का जश्न मनाया।

■ प्रशांत किशोर पहली बार ख़ुद चुनाव मैदान में उतरे, उनके ख़िलाफ़ बीजेपी के नीरज कुमार मैदान में थे



### मेरे दरवाजे बिहार के हर व्यक्ति के लिए खुले हैं

जन सुराज पार्टी के चीफ प्रशांत किशोर ने कहा- मेरे दरवाजे न केवल बांकीपुर के लोगों के लिए, बल्कि बिहार भर के हर उस व्यक्ति के लिए खुले हैं जो यह मानता है कि प्रशांत किशोर या जन सूरज उनकी मदद कर सकते हैं।

**प्रशांत किशोर बोले- मेरे विधायक बनने से बांकीपुर रातों-रात बेंगलुरु नहीं बन जाएगा, लेकिन आप अगले दो-तीन महीनों में यहां कुछ सुधार जरूर देखेंगे। बांकीपुर की जनता ने भाजपा नेतृत्व को एक स्पष्ट संदेश दिया है। कृपया बिहार के लिए एक अच्छे व्यक्ति को मुख्यमंत्री नियुक्त करें।**

# महिला पहलवान यौन शोषण केस में बृजभूषण सिंह बरी

## बोले- होइहि सोइ जो राम रचि राखा, विनेश फोगाट बोलीं- उम्मीद नहीं छोड़ी, हाईकोर्ट जाएंगे

**राहत**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली/गोंडा । भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह को महिला पहलवानों से जुड़े यौन शोषण मामले में दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने बरी कर दिया। सोमवार को फैसले के वक्त पूर्व सांसद बृजभूषण और भारतीय कुश्ती संघ (WFI) के पूर्व सचिव विनोद तोमर कोर्ट में मौजूद रहे। फैसले के बाद बृजभूषण ने कहा-जज ने कहा कि बृजभूषण और विनोद तोमर आप लोगों को बाइज्जत बरी किया जाता है। मैंने



पहले कहा था कि अगर कोई आरोप साबित हो जाएगा तो मैं फांसी पर लटक जाऊंगा। मेरे लिए खुशी का दिन है। होइहि सोइ जो राम रचि राखा।

कोर्ट के फैसले के बाद पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने कहा- हमने उम्मीद नहीं छोड़ी है।

>> (शेष पेज 06 पर)

### मामले में 127 सुनवाई हुईं, 32 गवाहों के बयान दर्ज

2 जुलाई, 2026 को दोनों पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। मामले में कुल 1133 दिनों में 127 सुनवाई हुईं। 32 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। बृजभूषण 20 जुलाई, 2023 से नियमित जमानत पर थे। 10 मई, 2024 को अदालत ने दिल्ली पुलिस की चार्जशीट के आधार पर आरोप तय किए थे, जिसके बाद ट्रायल शुरू हुआ था।

**फास्ट न्यूज़**

### कर्नाटक में मंत्रिमंडल का विस्तार, 19 मंत्रियों ने शपथ ली

बेंगलुरु । कर्नाटक में CM डीके शिवकुमार के नेतृत्व वाली दो महीने पुरानी कैबिनेट का पहला विस्तार सोमवार को हुआ। 19 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। नए मंत्रियों में से छह, सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली पिछली सरकार का हिस्सा थे।

**योजना | चर्चा**

### कॉकरोच जनता पार्टी दो दिन की रणनीतिक बैठक करेगी

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) 5 अगस्त से छत्रपति संभाजीनगर में दो दिन की रणनीति बैठक करेगी। इस बैठक में पार्टी के संस्थापक, प्रवक्ता और संगठन से जुड़े लोग शामिल होंगे। पार्टी ने कहा कि वह राजनीतिक दल नहीं बनाएगी। बैठक के बाद CJP देशभर में अपने युवाओं की जरूरतों को समझने के लिए लिसनिंग टूर करेगी। पार्टी फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा कि उन्हें बोस्टन यूनिवर्सिटी से स्कॉलरशिप मिली थी और बाकी पैसों के लिए लोन लिया था, जो अभी चुकाना बाकी है।

### नीट पीजी-एक ही शिफ्ट में पेपर, घर के पास सेंटर

नई दिल्ली । केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने NEET PG 2026 परीक्षा के लिए कई बड़े सुधारों की घोषणा की है। इसमें परीक्षार्थियों की यात्रा और परीक्षा में किसी भी प्रकार की धांधली रोकने के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं। इसके लिए 2.73 लाख उम्मीदवारों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जो पिछले साल की तुलना में 12.5% ज्यादा है।

# जंतर-मंतर प्रदर्शन : सरकार ने कहा स्टूडेंट्स पर केस नहीं होगा

## 2700 अपराधियों पर एफआईआर कायम रहेगी

**सुनवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि NEET पेपर लीक को लेकर विरोध करने वाले छात्रों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सोमवार को कहा, 'सरकार अपने वादे पर कायम है। छात्रों के खिलाफ कोई FIR नहीं होगी।'

मेहता ने ये भी कहा कि प्रदर्शन के दौरान गंभीर अपराधों को लेकर जिन 2700 से ज्यादा लोगों पर FIR दर्ज हुई हैं, इन्हें वापस नहीं लिया जाएगा। कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) ने इस मसले पर दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया था। उनकी 3 मांगें थी, जो सरकार ने मान ली थीं। इनमें एक मांग यह भी थी कि सरकार विरोध प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करेगी। मामले पर अब 18 अगस्त को सुनवाई होगी।

>> (शेष पेज 06 पर)



■ सुप्रीम कोर्ट बोला- सख्ती करने वाले जवानों को न बचाएं

## जिनके जेब से राममंदिर निर्माण के लिए एक पैसा नहीं निकला, वे लोग कर रहे चंदा चोरी की बात

# एक से डेढ़ सप्ताह में लागू होगा आउटसोर्स कमीशन

**सीएम ने की बड़ी घोषणा- न्यूनतम मानदेय होगा सुनिश्चित**

**वार्तालाप**

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र प्रारंभ होने से पहले सोमवार को पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने गरीब, युवा, महिला व किसान के मुद्दे पर विपक्ष को खरी-खरी सुनाते हुए कहा कि ये सभी डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता में हैं। मुख्यमंत्री ने राम मंदिर के चढ़ावा चोरी पर भी विरोधी दलों के नेताओं पर सवालिया निशाना खड़ा करते हुए कहा कि जो लोग अयोध्या के मुद्दे को उठा रहे हैं, उन्होंने जयश्रीराम बोलने पर रामभक्तों पर लाठी-गोली चलवाई थी। राम मंदिर के खिलाफ न्यायालय में वकीलों की फौज खड़ी करके इसे बाधित करने का कुत्सित प्रयास किया। राम मंदिर में चंदा चोरी की बात वे लोग कर रहे हैं, जिनके जेब से मंदिर निर्माण के लिए एक पैसा भी नहीं निकला। देश-दुनिया इनका दोहरे चरित्र देख रही है।

>> (शेष पेज 06 पर)



**सीएम योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र प्रारंभ होने से पहले की पत्रकारों से वार्ता**

**किसानों के लिए खाद की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश**

**- सीएम योगी**



### किसानों को असुरक्षित करने वालों का दोहरा चरित्र सामने

मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जिन लोगों के समय में किसानों के हितों पर कुठाराघात हुआ, जिन्होंने किसानों को खेत के लिए पानी नहीं दिया। उनके हक पर बिचौलियों का वर्चस्व स्थापित कराया और किसानों को असुरक्षित करते हुए उनके जीवन में बदहाली लाने का पाप किया। ऐसे दोहरे चरित्र वाले लोग आज किसान की बात करके उनके जले पर नमक छिड़क रहे हैं। पीएम मोदी जी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जिसके तहत यूपी में 24 लाख हेक्टेयर भूमि में अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा दी गई, समेत कई योजनाएं चल रही हैं।

**मांग :** प्रेस क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बोले- दोष सिद्ध हो तो कार्रवाई, बेगुनाही साबित हो तो मिले न्याय

# पत्रकार पर मुकदमे के बाद उठी निष्पक्ष जांच की मांग

## मीडिया जगत ने कहा- पहले तथ्य, फिर फैसला

तमसा संकेत, एजेंसी

अंबेडकर नगर। थाना अकबरपुर में पत्रकार गणेश मौर्य के विरुद्ध दर्ज मुकदमे के बाद जिले के मीडिया जगत में चर्चा तेज हो गई है। एफआईआर में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराएं 356(2) एवं 308(2) दर्ज की गई हैं।

जिले के पत्रकारों और सामाजिक लोगों ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी और साक्ष्य आधारित जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि किसी भी मामले में जांच पूरी होने से पहले किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा। प्रेस क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजेंद्र वीर सिंह ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है और पत्रकारों से जुड़े मामलों में निष्पक्ष जांच सर्वोपरि होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि जांच में गणेश मौर्य दोषी पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन यदि आरोप प्रमाणित नहीं होते हैं तो उन्हें न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरे मामले का फैसला केवल जांच रिपोर्ट और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर होना चाहिए।


>> (शेष पेज 06 पर)




**पत्रकारों और सामाजिक लोगों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए ताकि सत्य सामने आ सके और न्यायिक प्रक्रिया पर आम जनता का विश्वास बना रहे।**

### 'तथ्य और साक्ष्य के आधार पर हो फैसला'

पत्रकारों का कहना है कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं यदि आरोपों की पुष्टि नहीं होती है तो निष्पक्ष जांच के आधार पर संबंधित पत्रकार को न्याय मिलना चाहिए। उनका मानना है कि किसी भी मामले का निष्कर्ष केवल तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर ही निकलना चाहिए।



2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | सूचना प्रोद्यौगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 | 67 |
| 2 | भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 | 356(2) |
| 3 | भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 | 308(2) |

12. First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):

नकल तहरीर वादी------- सेवा में, श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदया, जनपद अम्बेडकरनगर श्रीमान जी,सादर निवेदन है कि प्रार्थीगण आनन्द तिवारी एडवोकेट व सै. मो. मंजर एडवोकेट बार एशोसिएशन अम्बेडकरनगर के निमित सदस्य हैं कुछ दिन पूर्व प्रार्थीगण के खिलाफ न्यूज 9 एक्सप्रेस के तथा कथित पत्रकार गणेश मौर्या पुत्र श्री काशीराम मौर्या निवासी चन्द्रलोक बस्ती पूर्व नाका शहजादपुर अकबरपुर अम्बेडकरनगर द्वारा दिनांक 13/07/2026 को समय लगभग दोपहर 1.52 पर मोबाइल पर काल करके अवैध धन की मांग की जा रही थी जिसे पूरा न किये जाने पर फर्जी एवं भ्रामक खबर बिना तथ्यों के सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया था जिसकी लिखित शिकायत आई.जी.आर.एस. संदर्भ संख्या- 40017826027108 के माध्यम से दिनांक- 15/07/2026 ई. को किया गया था जिस पर कोई कार्यवाही न होने पर प्रार्थीगण विपक्षी के विरुद्ध दिनांक - 24/07/2026 को लीगल नोटिस प्रेषित किया था। उपरोक्त तथा कथित पत्रकार के द्वारा फिर से सोशल मीडिया पर व विधान केसरी समाचार पत्र पर प्रार्थीगण के नाम पर भ्रामक व मनगढ़ंत खबर दिनांक- 28/07/2026 को प्रसारित किया गया था । ऐसे में तथा कथित पत्रकार गणेश मौर्या के द्वारा अधिवक्ताओं की छवि को फर्जी व कूटरचित खबर के माध्यम से धूमिल किया जा रहा है तथा बार के वर्तमान सम्मानित सचिव श्रीमान अरविन्द त्रिपाठी का नाम भी सोशल मीडिया तथा विधान केसरी पर प्रसारित किया जा रहा जिससे बार की गरिमा धूमिल हो रही है । श्रीमान जी उक्त मामले पर संज्ञान लेते हुए विपक्षी के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने हेतु थाना कोतवाली अकबरपुर आदेशित/निर्देशित किया जाना आवश्यक है । अतः श्रीमान जी से सादर प्रार्थना है कि उक्त मामले पर संज्ञान लेते हुए विपक्षी के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने हेतु थाना कोतवाली अकबरपुर को आदेशित व निर्देशित करने की कृपा की जावे ।

# भाजपा जनता का विश्वास खो चुकी: अखिलेश यादव

## युवाओं और अभिभावकों के आक्रोश को बताया बदलाव की वजह

**आरोप**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने चुनावी परिणामों के बाद भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जनता ने अहंकार का जवाब लोकतांत्रिक तरीके से दिया है। उन्होंने कहा कि जो लोग खुद को भगवान से ऊपर समझने लगे थे, उन्हें जनता ने उनकी वास्तविक स्थिति का एहसास करा दिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि यह परिणाम युवाओं की एकजुटता और उनके अभिभावकों के आक्रोश का संयुक्त प्रभाव है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में वोट चोरी, पेपर लीक, चढ़ावा, चंदा और दान में अनियमितताओं, नौकरी और आरक्षण में कथित गड़बड़ियों, कमीशनखोरी, पीडीए समाज पर अत्याचार, भ्रष्टाचार, महंगाई और मिलावट जैसे मुद्दों ने जनता का भरोसा तोड़ा है।

>> (शेष पेज 06 पर)



■ भ्रष्टाचार, पेपर लीक और महंगाई जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरा

■ विजयी उम्मीदवारों को दी बधाई, संविधान के प्रति निष्ठा निभाने की अपील

# बिजनौर में गलियों में नाव चली, आगरा में सड़कें तालाब बनीं, 15 शहरों में बारिश

## झरने के तेज बहाव में बहे 2 युवकों को बचाया गया

**अलर्ट**

तमसा संकेत, एजेंसी




लखनऊ/वाराणसी। मानसून ने एक बार यूपी को पूरी तरह से कवर कर लिया है। सोमवार को पूरे प्रदेश में बादल छाए रहे। लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, बरेली और आगरा समेत 15 शहरों में बारिश हुई। चंदौली में राजदरी वाटरफॉल में नहाने आए प्रयागराज के दो युवक तेज बहाव में बह गए। पर्यटकों और वन विभाग की टीम ने रस्सी फेंककर दोनों को बचाया।

इससे पहले, लखनऊ में तड़के 3 बजे शुरू हुई बारिश रुक-रुक कर सुबह 10 बजे तक होती रही। दोपहर में आगरा और बरेली में तेज बारिश हुई। आगरा में सड़कें तालाब बन गईं। कई चौराहों पर 2 से 3 फीट तक पानी भर गया। मौसम विभाग (IMD) ने आज प्रदेश के सभी 75 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। उधर, पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही बारिश से गंगा, घाघरा और शारदा समेत 10 नदियां उफान पर हैं। बिजनौर के 6 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। सड़कों पर नावें चल रही हैं। बहसूमा-ठाकुरद्वारा स्टेट हाईवे पर बीते 5 दिनों से गंगा नदी का पानी बह रहा है। सुरक्षा के लिहाज से बैरिकेडिंग लगाकर हाईवे के कुछ हिस्से को बंद कर दिया गया है। गोंडा में घाघरा नदी का जलस्तर 24 घंटे में 5 सेंटीमीटर घटा है। जलस्तर घटते ही करनैलगंज और तरबगंज के तटीय इलाकों में कटान तेज हो गई है।

**लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया- ओडिशा और छत्तीसगढ़ पर सक्रिय मानसूनी सिस्टम अब यूपी की ओर खिसक आया है। इसके साथ ही, बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी भरी मानसूनी हवाओं ने प्रदेश में बारिश की गतिविधियों को तेज कर दिया है। अगले 4 से 5 दिनों तक पूरे यूपी में अच्छी बारिश का सिलसिला जारी रहेगा।**



चंदौली में झरने में प्रयागराज से आए दो युवक बहने लगे। वन विभाग के कर्मचारियों, स्थानीय लोगों और पर्यटकों ने दोनों को रेस्क्यू किया।

### चंदौली के राजदरी वाटरफॉल के तेज बहाव में फंसा युवक

चंदौली के नौगढ़ स्थित राजदरी वाटरफॉल में रविवार को 2 युवक बह गए। मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद वन विभाग के कर्मचारी दौड़कर आए। रस्सी फेंककर दोनों को रेस्क्यू किया।

### हरदोई में बारिश के बीच सड़क पर 7 बाइकें फिसलीं, 13 कांवड़िए घायल

हरदोई के मल्लावां में श्रावण मास के मेले के दौरान रविवार देर रात 10 बजे मेहंदी घाट जल भरने जा रहे 13 कांवड़ए अलग-अलग सड़क हादसों में घायल हो गए। सभी घायलों को पुलिस और एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया है। घटनाएं सावन के पहले सोमवार को देखते हुए मल्लावां से मेहंदी घाट की ओर जाते समय हुईं। रविवार शाम हुई तेज बारिश के कारण करीब 7 बाइकें फिसल गईं। कुछ एक-दूसरे से टकरा गईं।

## गोरखपुर पुलिस पीड़ित परिवार को 1 दिन की सैलरी देगी

### सिपाही ने बच्ची का रेप कर मार डाला था

तमसा संकेत, एजेंसी




गोरखपुर । गोरखपुर में 10 साल की बच्ची को किडनैप रेप की दर्दनाक घटना के बाद गोरखपुर पुलिस ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद देने का फैसला किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को सख्त सजा दिलाने के साथ-साथ परिवार को आर्थिक, सामाजिक और सुरक्षा संबंधी सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसी क्रम में गोरखपुर पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी एक दिन की सैलरी पीड़ित परिवार को मदद के लिए देने पर विचार कर रही है। इस राशि से परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता मिलेगी।

इसके अलावा गोरखपुर पुलिस ने पीड़ित परिवार के तीन बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी भी उठाने का फैसला किया है। पुलिस इन बच्चों की शिक्षा का पूरा खर्च उठाएगी, ताकि आर्थिक तंगी के कारण उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो और उनका भविष्य सुरक्षित रह सके। पुलिस ने परिवार की सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी है। इसके लिए संबंधित थाने से दो पुलिसकर्मियों की ड्यूटी परिवार की सुरक्षा में लगाई गई है, जिससे उन्हें किसी तरह की परेशानी या डर का सामना न करना पड़े। पुलिस ने बताया कि पीड़ित परिवार को रानी लक्ष्मीबाई योजना के तहत 10 लाख रुपए की तत्काल आर्थिक सहायता दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसके साथ ही परिवार की पात्रता के आधार पर आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधा और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

**फास्ट न्यूज**

### गोरखपुर में 9 साल के बच्चे की पीटकर हत्या

गोरखपुर । गोरखपुर के पिपराइच में शनिवार की रात को 9 साल के सरस सिंह को पीटकर अधमरा कर दिया गया। इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद कांग्रेस के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की एक टीम सोमवार को पीड़ित परिवार से मिलने पहुंची। शाम करीब 4: 30 बजे शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें न्याय की लड़ाई में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

### लखनऊ चोरी मामले में 5 लाख के गहने, नकदी बरामद

सरोजनी नगर, लखनऊ। लखनऊ के बिजनौर पुलिस ने एक बंद घर में हुई लाखों रुपए की चोरी के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब पांच लाख रुपये के सोने-चांदी के गहने, 5,230 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। इस मामले में एक अन्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

यह घटना बिजनौर थाना क्षेत्र की ओमेक्स सिटी में हुई थी। सीमेंट कंपनी में कार्यरत अविरल सिंह का परिवार ज्यादातर हजरतगंज में रहता है, जबकि उनका ओमेक्स सिटी वाला घर बंद था।

### गोरखपुर में 5 घंटे बाद चली सिटी बस

गोरखपुर । गोरखपुर में मानक से कम वेतन भुगतान समेत अन्य मांगों को लेकर सोमवार सुबह से सिटी बस सेवा ठप हो गई थी। गोरखपुर सिटी बस के कंडक्टरों ने चार्जिंग पॉइंट स्टेशन महेसरा में बसें खड़ी कर हड़ताल शुरू कर दी और धरने पर बैठ गए। हालांकि RM लव कुमार के समझाने बुझाने पर कंडक्टरों का धरना लगभग 5 घंटे बाद खत्म हुई, जिसमें पहचान को में तीन प्रतिनिधियों को चुना गया है, जिसे कल तक का टाइम लिया गया है।

## बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक करने पहुंचे अजय राय

### बोले- चढ़ावा चोरों के खिलाफ जारी रहेगा विरोध

तमसा संकेत, एजेंसी



वाराणसी। सावन माह में शिवभक्तों की भारी भीड़ के बीच उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को बाबा श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में जलाभिषेक कर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। अजय राय अपने आवास से कलश यात्रा के साथ मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना की।

अजय राय ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के व्यवस्थाओं को लेकर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि बाबा विश्वनाथ के दरबार में आने वाले श्रद्धालुओं से दलाल प्रतिदिन पैसा वसूल रहे हैं। वहीं भाजपा पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि चढ़ावा चोर है भगवान का पैसा खा गए तो हंगामा होगा ही।

#### बाबा विश्वनाथ के बाहर चल रही दलाली

उन्होंने कहा कि आरएसएस के लोग पैसा खा रहे हैं बाबा विश्वनाथ के दरबार में रोज दलाल पकड़े जा रहे हैं बड़ी संख्या में दलाली हो रही है। यहां रोज प्रतिदिन पकड़े जा रहे हैं और पुलिस कर लोग वीडियो बना रहे है उन्होंने कहा की कार्रवाई करनी चाहिए। पप्पू यादव के खिलाफ हो रहे विरोध के मामले में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मूल मुद्दे को डाइवर्ट करने के लिए यह करा रही है।

# घुटनों के बल 2400 किलोमीटर चल रहा भक्त, कानपुर मेयर स्कूटी से मंदिर पहुंचीं

## कांवड़ लेकर निकली मां ने जुड़वां बेटों को जन्म दिया

तमसा संकेत, एजेंसी





वाराणसी/कानपुर। आज सावन का पहला सोमवार है। वाराणसी, प्रयागराज, अयोध्या और कानपुर समेत पूरे प्रदेश के शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी है। 'हर-हर महादेव' के जयकारे गूंज रहे हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर में अब तक 3 लाख से ज्यादा भक्त बाबा के दर्शन कर चुके हैं।

वाराणसी के कमिश्नर एस. राजलिंगम और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कांवड़ियों और श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। कानपुर की मेयर प्रमिला पांडेय अकेले स्कूटी चलाकर श्री आनंदेश्वर मंदिर में दर्शन करने पहुंचीं। प्रयागराज के प्रसिद्ध मनकामेश्वर मंदिर में भी तड़के से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। प्रदेशभर की सड़कों पर कांवड़ियों का रेला दिख रहा है। मुजफ्फरनगर में कांवड़ यात्रा के दौरान एक महिला शिवभक्त ने सोमवार सुबह जिला अस्पताल में जुड़वां बेटों को जन्म दिया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बच्चों का नाम 'गणेश' और 'कार्तिकेय' रखा। मेरठ के हरपाल नाथ (65) हरिद्वार से 33 लीटर गंगाजल लेकर घुटनों के बल चल रहे हैं। वे अपने पेट में रस्सी से बांधकर चार पहियों वाली कांवड़ खींच रहे हैं।

### सीतापुर में हाईटेंशन लाइन से टकराई डीजे गाड़ी, ड्राइवर-मालिक की मौत

सीतापुर में पिकअप में डीजे लगाकर शिवभक्तों की गाड़ी हाईटेंशन लाइन से टकरा गई। जिससे उसमें करंट आ गया। डीजे के मालिक और गाड़ी के ड्राइवर की करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। जबकि गाड़ी में सवार 4 लोग बुरी तरह झुलस गए। ये सभी सरयू नदी से जल लेने जा रहे थे।

घटना के बाद राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया।



**मुजफ्फरनगर पहुंचे एक कांवड़िए ने अपनी कांवड सीएम योगी और संभल के एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई को समर्पित की है। उनकी तस्वीर लगाकर कांवड़ ला रहा है। विश्नोई हाल ही में आईपीएस अंकिता वर्मा के साथ शादी को लेकर चर्चा में रहे थे।**

### अमरोहा में एक कांवड़िए की मौत, 12 से अधिक घायल

अमरोहा में रविवार रात कांवड़ यात्रा के दौरान कई वाहन आपस में टकरा गए। ये दुर्घटनाएं राष्ट्रीय राजमार्ग पर अलग-अलग स्थानों पर हुईं। इन हादसों में संभल जिले के एक कांवड़िए की मौत हो गई, जबकि 12 से अधिक कांवड़िए घायल हुए हैं। पहला हादसा गजरौला थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर गांव शहबाजपुर डोर के पास हुआ। यहां कांवड़ यात्रा के दौरान एक बाइक और टेंपो की टक्कर में 11 कांवड़िए घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

# 5 कुंतल चावल व दो गैस सिलेंडर ले उड़े चोर

## रसोई का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी

तमसा संकेत, संवाददाता



**घटना की सूचना मिलते ही विद्यालय स्टाफ में चिंता का माहौल बन गया। प्रभारी शिक्षक ने पूरे मामले की जानकारी मोहम्मदपुर खाला पुलिस को देते हुए थाने में लिखित प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।**

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते नजर आ रहे हैं। ताजा मामला क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय मंझारी क्योटली का है, जहां रविवार देर रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय की रसोई (किचन) का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी सोमवार सुबह विद्यालय पहुंचे बच्चों को हुई, जिसके बाद पूरे विद्यालय परिसर में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह जब छात्र-छात्राएं विद्यालय पहुंचे तो उन्होंने देखा कि किचन का ताला टूटा हुआ पड़ा है। बच्चों ने इसकी सूचना तत्काल विद्यालय के प्रभारी मदन पाल सिंह को दी। सूचना मिलते ही प्रभारी शिक्षक मौके पर पहुंचे और विद्यालय का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पता चला कि चोर किचन में रखा लगभग 5 कुंतल चावल तथा दो भरे गैस सिलेंडर चोरी कर ले गए हैं। चोरी गए सामान की कीमत लगभग 30 हजार रुपये बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी विद्यालयों में चोरी करना बहुत ही गलत है ऐसे आए दिन चोरी की घटनाएं सामने आती रहती हैं। विद्यालयों में पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम और रात्रि गश्त बढ़ाए जाने की आवश्यकता है, ताकि इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया ने घटना की जानकारी होते ही जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर चोरों की पहचान कर जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पूरी रात जागता रहा प्रशासन, लाखों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

## महादेवा धाम में उमड़ा आस्था का महासैलाब



तमसा संकेत, संवाददाता



**सावन के पहले सोमवार के अवसर पर बाराबंकी ही नहीं, बल्कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए श्रद्धालुओं ने गंगाजल, बेलपत्र, भांग, धतूरा, पुष्प, अक्षत और दूध अर्पित कर भगवान शिव की आराधना की। कांवड़ लेकर पहुंचे श्रद्धालुओं के उत्साह ने पूरे महादेवा धाम को भक्तिमय बना दिया।**

सूरतगंज (बाराबंकी)। सावन मास के प्रथम सोमवार पर प्राचीन लोधेश्वर महादेवा धाम एक बार फिर शिवमय हो उठा। रविवार शाम से ही श्रद्धालुओं का महादेवा धाम पहुंचना शुरू हो गया था और देर रात तक पूरा मंदिर परिसर, मेला क्षेत्र तथा प्रमुख मार्ग ₹हर-हर महादेव₹ और ₹बम-बम भोले₹ के जयघोष से गूंजता रहा। अर्द्धरात्रि में मंदिर के कपाट खुलते ही भगवान लोधेश्वर महादेव के जलाभिषेक का क्रम शुरू हुआ, जो सोमवार देर रात तक लगातार जारी रहा। लाखों की संख्या में पहुंचे शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और मनोकामना पूर्ति की कामना की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें कई किलोमीटर तक दिखाई देती रहीं, लेकिन प्रशासन की सुनियोजित व्यवस्था के कारण दर्शन-पूजन का क्रम लगातार चलता रहा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए थे। मेला क्षेत्र को चार जोन और नौ सेक्टर में विभाजित किया गया था, जहां प्रत्येक सेक्टर की जिम्मेदारी वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को सौंपी गई थी। मंदिर परिसर, गर्भगृह, मुख्य मार्गों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस, पीएसी तथा अन्य सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। वहीं ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी के माध्यम से पूरे मेले की लगातार निगरानी की जाती रही, जिससे हर गतिविधि पर प्रशासन की पैनी नजर बनी रही। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय रविवार रात लगभग साढ़े दस बजे ही महादेवा धाम पहुंच गए और पूरी रात मौके पर रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। दोनों अधिकारियों ने मंदिर परिसर, कंट्रोल रूम, चिकित्सा शिविर, पार्किंग स्थल, रूट डायवर्जन, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और सफाई व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया।

# नोकझोंक : चीफ प्रॉक्टर से तीखी नोकझोंक, अर्थशास्त्र विभाग के एचओडी के चैंबर पर कब्जा

## एलयू में एबीवीपी सपा छात्र सभा का प्रदर्शन, छात्र बेहोश

तमसा संकेत, एजेंसी






लखनऊ । लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार को इंटरनल असेसमेंट में कम अंक दिए जाने के विरोध में ABVP और सपा छात्र सभा से जुड़े छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया। ABVP से जुड़े छात्रों ने गेट नंबर 3 के पास चीफ प्रॉक्टर राकेश द्विवेदी का घेराव करके जोरदार नारेबाजी की। उनकी चीफ प्रॉक्टर से तीखी नोकझोंक हुई।

हंगामे के दौरान एक छात्र बेहोश हो गया। छात्रों और सुरक्षाकर्मियों ने उसके चेहरा पर पानी के छींटे मारकर उसे संभाला। गुस्साए छात्र अर्थशास्त्र विभाग का घेराव करके एचओडी के चैंबर में घुस गए। छात्रों ने कहा कि एचओडी चैंबर छोड़कर भाग गए। इस पर उन लोगों ने उनकी कुर्सी पर फूलों की माला चढ़ाई। उनके चैंबर पर कब्जा कर लिया। इस दौरान काफी देर तक हंगामा हुआ। वहीं, सपा छात्र सभा से जुड़े छात्रों ने प्रशासनिक भवन के बाहर प्रदर्शन किया। छात्रों का आरोप है कि इंटरनल असेसमेंट में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को बेहद कम अंक दिए गए हैं और परिणाम भी करीब एक महीने की देरी से जारी किए गए। छात्रों के मुताबिक 31 जुलाई को जारी इंटरनल असेसमेंट के परिणाम में अर्थशास्त्र विभाग के 265 छात्रों को 25 में से 5 से भी कम अंक दिए गए। विभागाध्यक्ष से मिलने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने मुलाकात नहीं की। विवाद केवल अर्थशास्त्र विभाग तक सीमित नहीं रहा। छात्रों के अनुसार, पश्चिमी इतिहास, प्राचीन भारतीय इतिहास, राजनीति विज्ञान और समाजशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने भी कम अंक मिलने और परिणाम जारी करने में देरी की शिकायत की है।

### गेट नंबर 3 से शुरू हुआ प्रदर्शन

ABVP से जुड़े छात्रों ने विश्वविद्यालय के गेट नंबर-3 से प्रदर्शन शुरू किया। छात्रों ने आरोप लगाया कि इंटरनल असेसमेंट में कई छात्रों को अपेक्षा से कम अंक दिए गए हैं, जिससे उनके अंतिम परिणाम पर असर पड़ रहा है। छात्रों ने मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग की। छात्रों ने इंटरनल असेसमेंट के अंकों की समीक्षा कर निष्पक्ष मूल्यांकन कराने की मांग की।

> **विश्वविद्यालय के प्रवक्ता मुकुल श्रीवास्तव ने कहा कि इंटरनल असेसमेंट के परिणाम में विश्वविद्यालय के सॉफ्टवेयर में तकनीकी गड़बड़ी के कारण समस्या आई है। उन्होंने बताया कि त्रुटि को ठीक किया जा रहा है और छात्रों के परिणामों में आवश्यक संशोधन किया जाएगा।**

# वनखंडेश्वर मंदिर में चढ़ाया जाएगा 21.5 किलो का घंटा

## किन्नर समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

तमसा संकेत, संवाददाता



सूरतगंज (बाराबंकी)। सावन मास के पावन अवसर पर सोमवार को बाराबंकी जनपद के सूरतगंज क्षेत्र के फूलपुर गांव से गुरु छुहारा किन्नर एवं गुरु रेखा किन्नर के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से सराबोर इस शोभायात्रा में आकर्षक एवं मनमोहक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। पूरे मार्ग में भगवान भोलेनाथ के जयकारों और भक्ति गीतों से वातावरण शिवमय हो गया। यह भव्य शोभायात्रा फूलपुर से प्रारंभ होकर सूरतगंज- फतेहपुर मार्ग से होते हुए मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र स्थित प्राचीन वनखंडेश्वर मंदिर के लिए रवाना हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा अमीर गुलाल उड़ाते हुए शोभायात्रा का स्वागत किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ यात्रा में शामिल रही और भगवान शिव के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। गुरु रेखा किन्नर ने बताया कि सावन मास में भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था और श्रद्धा व्यक्त करने के उद्देश्य से वनखंडेश्वर मंदिर में 21 किलो 500 ग्राम वजनी पीतल का घंटा अर्पित किया गया। इसके साथ ही मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। शोभायात्रा में शामिल आकर्षक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। मार्ग के दोनों ओर खड़े श्रद्धालुओं ने यात्रा का स्वागत करते हुए दर्शन किए और धार्मिक आयोजन की सराहना की।

## श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ के बीच सुरक्षा, दर्शन व्यवस्था और सुविधाओं की परखी हकीकत

# सावन के पहले सोमवार पर अलर्ट रहा प्रशासन



**पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जाए, ताकि श्रद्धालुओं का आवागमन सुचारु बना रहे और किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।**

**जायजा**

बृजेंद्र वीर सिंह



तमसा संकेत, अंबेडकर नगर। सावन के पहले सोमवार पर शिवभक्तों की भारी आवाजाही को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आया। जिलाधिकारी ईशा प्रिया और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने सोमवार को जिले के प्रमुख धार्मिक स्थल शिव बाबा धाम पहुंचकर श्रद्धालुओं और कांवड़ियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने मंदिर परिसर से लेकर प्रवेश मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सावन माह और कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि मंदिर परिसर, संपर्क मार्गों और अन्य प्रमुख स्थलों पर नियमित निगरानी रखी जाए। साफ-सफाई, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम पूरे धाम परिसर में सक्रिय रही। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिले के सभी प्रमुख शिवालयों, घाटों और कांवड़ यात्रा मार्गों पर भी इसी प्रकार सुरक्षा, स्वच्छता और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। संबंधित अधिकारियों से कहा गया कि सावन माह के दौरान व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा की जाए और किसी भी समस्या का तत्काल समाधान किया जाए।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सावन माह और कांवड़ यात्रा के दौरान प्रमुख धार्मिक स्थलों पर व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी की जाएगी। श्रद्धालुओं के सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित दर्शन को ध्यान में रखते हुए सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

### दर्शन मार्ग, बैरिकेडिंग और पेयजल व्यवस्था की हुई समीक्षा

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिर परिसर में दर्शन-पूजन की व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं के आवागमन की समीक्षा की। मौके पर व्यवस्थाएं व्यवस्थित मिलीं। श्रद्धालु निर्धारित कतारों के माध्यम से शांतिपूर्वक दर्शन और जलाभिषेक करते दिखाई दिए। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को इन व्यवस्थाओं को पूरे सावन माह तक इसी प्रकार बनाए रखने के निर्देश दिए।

# बस स्टेशन के बाहर लगे वाटर कूलर ने ली मजदूर की जान

## पानी की एक घूंट और मौत का करंट, लापरवाही पर उठे सवाल

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। टांडा नगर पालिका क्षेत्र में रोडवेज बस स्टेशन के बाहर लगा सार्वजनिक वाटर कूलर सोमवार सुबह एक मजदूर के लिए जानलेवा साबित हुआ। पानी पीने पहुंचे मजदूर की वाटर कूलर में उतरे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया और अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। घटना के बाद सार्वजनिक स्थानों पर लगे विद्युत उपकरणों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

मेहनिया गांव निवासी बेचूलाल पिछले करीब 15 वर्षों से हयातगंज में रहकर चाट के ठेले पर सहायक का काम करते थे। सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे वह रोडवेज परिसर के बाहर लगे वाटर कूलर से पानी पीने पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही उन्होंने पानी लेने के लिए टोटी पकड़ी, वह अचानक करंट की चपेट में आ गए। करंट लगने के बाद वह मौके पर ही तड़पने लगे और मदद के लिए आवाज लगाने लगे।

हादसा देखकर आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत बचाव शुरू किया। करंट से सीधे संपर्क से बचते हुए लाठी-डंडों की मदद से बेचूलाल को वाटर कूलर से अलग किया गया। इसके बाद उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) टांडा ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया।

### बारिश और जर्जर वायरिंग पर लोगों की आशंका

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि बारिश के कारण वाटर कूलर में करंट उतर आया होगा। साथ ही जर्जर विद्युत तारों और रखरखाव की कमी को भी हादसे की संभावित वजह बताया। लोगों का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर लगे ऐसे उपकरणों की नियमित जांच नहीं होने से दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

**फास्ट न्यूज**

### भाजपा एमएलसी अनूप गुप्ता का जन्मदिन 6 अगस्त को

अंबेडकर नगर। भाजपा एमएलसी एवं पूर्व प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता के 6 अगस्त को होने वाले जन्मदिन को लेकर जिले में तैयारियां शुरू हो गई हैं। नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के अध्यक्ष ओमकार गुप्ता के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक और सेवा कार्यों के साथ जन्मदिन मनाने की रूपरेखा तैयार की गई है। आयोजन के तहत जिला मुख्यालय स्थित वृद्धाश्रम में भोजन वितरण, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी में मरीजों को फल वितरण तथा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृक्षारोपण किया जाएगा।

### जनसुनवाई में एसपी ने सुनीं फरियादें

अंबेडकरनगर। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने सोमवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की शिकायतें सुनीं। सुनवाई के दौरान भूमि विवाद, मारपीट, पारिवारिक विवाद और अन्य मामलों से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार जांच और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक प्रकरण की निष्पक्ष और तथ्यपरक जांच की जाए।

### दिनेश मौर्य बने विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष

अंबेडकर नगर। समाजसेवी दिनेश मौर्य को विश्व हिंदू परिषद में जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद नारायण फाउंडेशन परिवार और संगठन से जुड़े पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत भी किया गया।

# मतांतरण केस में पुलिस का शिकंजा और कसा

## एक साल पुरानी जांच में पिता-पुत्र गिरफ्तार

तमसा संकेत, संवाददाता





अंबेडकरनगर। चर्च की आड़ में कथित मतांतरण के बहुचर्चित मामले में पुलिस ने एक वर्ष पुरानी विवेचना में अहम कार्रवाई करते हुए पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान दोनों की भूमिका सामने आने के बाद उन्हें मुकदमे में शामिल किया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से ईसाई धर्म से संबंधित 1,250 धार्मिक पुस्तकें, चर्च संचालन से जुड़े रजिस्टर, प्रार्थना अभिलेख और सदस्यता रसीदें बरामद करने का दावा किया है। दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

यह कार्रवाई अकबरपुर के रतनपुर स्थित सेंट थामस विलियर्स इस्टर्न चर्च से जुड़े उस मुकदमे में हुई है, जो पिछले वर्ष दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार उस समय सूचना मिली थी कि प्रार्थना सभा की आड़ में कथित रूप से हिंदू समुदाय के लोगों का मतांतरण कराया जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई की थी और उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर फादर प्रमोद कुमार को गिरफ्तार किया था। वर्तमान में वह जमानत पर हैं। पुलिस का कहना है कि विवेचना के दौरान बसखारी क्षेत्र के पटना मुबारकपुर निवासी फादर नेबूलाल और उनके पुत्र अंजीत कुमार की भूमिका सामने आई।

# लंबित फाइलों पर सख्ती, सीएम युवा योजना की रफ्तार बढ़ाने में जुटा प्रशासन

## कहा- पात्र युवाओं तक समय से पहुंचे स्वरोजगार का लाभ

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा योजना) के लंबित आवेदनों को लेकर जिला प्रशासन ने गंभीरता दिखाई है। सोमवार को महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित क्षमता निर्माण कार्यशाला में जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने बैंकर्स और संबंधित विभागों को आवेदनों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

कार्यशाला में जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम युवा योजना का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है। ऐसे में आवेदन प्रक्रिया से लेकर ऋण स्वीकृति तक किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बैंक शाखाओं में लंबित आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण कर जल्द स्वीकृति और ऋण वितरण की प्रक्रिया पूरी करने को कहा। उन्होंने उन बैंक शाखाओं को भी सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए, जहां योजना के तहत अब तक कोई आवेदन स्वीकृत या वितरित नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि बैंक अधिकारी पात्र युवाओं को योजना की जानकारी देकर आवेदन कराने में सहयोग करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम युवा योजना के बेहतर क्रियान्वयन से अंबेडकरनगर पिछले दो वर्षों में प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल रहा है। उन्होंने बैंकर्स और विभागीय अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ काम जारी रखने को कहा, जिससे जिले में युवाओं को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

सहायक उपायुक्त उद्योग एचपी मौर्य ने योजना के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि 21 से 40 वर्ष आयु वर्ग के न्यूनतम आठवीं उत्तीर्ण पात्र नागरिक योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके तहत अपना उद्यम शुरू करने के लिए 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाता है। कार्यशाला में बैंकर्स, उद्योग विभाग के अधिकारी, उद्यमी मित्र और विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने योजना के प्रभावी संचालन को लेकर चर्चा की।

# 5 से 18 अगस्त तक मिलेगा मुफ्त राशन, ई-पॉस मशीन से होगा वितरण

## अंत्योदय और पात्र गृहस्थी कार्डधारकों के लिए खाद्यान्न आवंटित

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकर नगर। जिले में अगस्त 2026 के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मुफ्त राशन वितरण 5 अगस्त से 18 अगस्त तक किया जाएगा। सभी उचित दर की दुकानों पर खाद्यान्न का वितरण ई-वेइंग लिंक्ड ई-पॉस मशीनों के माध्यम से किया जाएगा। वितरण प्रक्रिया की निगरानी के लिए जिला और तहसील स्तर पर अधिकारियों की ड्यूटी भी लगा दी गई है।

जिला पूर्ति अधिकारी शिवाकांत पांडेय ने बताया कि अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 35 किलोग्राम खाद्यान्न दिया जाएगा। इसमें 14 किलोग्राम गेहूं और 21 किलोग्राम चावल शामिल रहेगा।

वहीं पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को प्रति यूनिट 5 किलोग्राम खाद्यान्न मिलेगा। इसमें 2 किलोग्राम गेहूं और 3 किलोग्राम चावल का वितरण किया जाएगा। दोनों श्रेणियों के लाभार्थियों को खाद्यान्न निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। राशन वितरण को सुचारु बनाने के लिए 13 और 14 अगस्त को विशेष वितरण दिवस निर्धारित किए गए हैं। इन दोनों दिनों में ऐसे लाभार्थियों को भी राशन उपलब्ध कराया जाएगा, जो किसी कारणवश निर्धारित तिथियों पर खाद्यान्न प्राप्त नहीं कर सके। खाद्यान्न वितरण की निगरानी के लिए पर्यवेक्षणीय अधिकारियों, नोडल अधिकारियों और जिला स्तरीय अधिकारियों की तैनाती की गई है। सभी उपजिलाधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी और पूर्ति निरीक्षक नियमित रूप से उचित दर की दुकानों का निरीक्षण करेंगे। वितरण व्यवस्था की सतत निगरानी की जाएगी ताकि लाभार्थियों को बिना किसी परेशानी के राशन मिल सके।

# बार चुनाव का काउंटडाउन शुरू

## अध्यक्ष पद पर पांच और सचिव पद पर आठ प्रत्याशी मैदान में, हर वोट के लिए बढ़ा जनसंपर्क अभियान

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकर नगर। जिला बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर न्यायालय परिसर में चुनावी गतिविधियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। 5 अगस्त को होने वाले मतदान से पहले अध्यक्ष, सचिव और अन्य पदों के प्रत्याशियों ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। न्यायालय परिसर के साथ अधिवक्ताओं के आवासों पर भी लगातार संपर्क किया जा रहा है। चुनावी चर्चाओं और संभावित समीकरणों ने बार का माहौल पूरी तरह चुनावमय बना दिया है। निर्वाचन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए विभिन्न पदों के मतपत्रों के रंग निर्धारित कर दिए गए हैं। अध्यक्ष और सचिव पद के लिए सफेद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वरिष्ठ कार्यकारिणी और कनिष्ठ कार्यकारिणी के लिए लाल, जबकि उपाध्यक्ष, सह सचिव और महिला आरक्षित पद के लिए पीले रंग के मतपत्र का उपयोग किया जाएगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राम तीरथ चौहान और संजय कुमार चतुर्वेदी आमने-सामने हैं। वरिष्ठ कार्यकारिणी के लिए रणबीर भाई पटेल, राजेश कुमार यादव, राम प्रसाद, रामदीन दास और ललित कुमार तिवारी मैदान में हैं। वहीं कनिष्ठ कार्यकारिणी के लिए अभिषेक कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार, रमेश यादव, रोहित श्रीवास्तव, विपुल दीप सिंह और सिफत हुसैन चुनाव लड़ रहे हैं।

**सचिव पद पर इस बार सबसे अधिक आठ प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें अनिल कुमार वर्मा, देवतादीन गौड़, महावीर जायसवाल, राकेश कुमार चतुर्वेदी, राज नारायण गिरी, विनय कुमार तिवारी, संगम लाल तिवारी और सुधांशु कुमार पाण्डेय शामिल हैं। अधिक प्रत्याशी होने के कारण सचिव पद का चुनाव भी काफी रोचक माना जा रहा है।**

### अध्यक्ष पद पर पांच दावेदार, मुकाबले पर सबकी नजर

अध्यक्ष पद के लिए अनिल कुमार द्विवेदी, मोहन लाल, योगेंद्र प्रताप सिंह, संजय कुमार त्रिपाठी और सुनील कुमार यादव चुनाव मैदान में हैं। सभी प्रत्याशी अधिवक्ताओं के बीच लगातार संपर्क कर अपने पक्ष में समर्थन जुटाने में लगे हैं। मतदान से पहले अध्यक्ष पद को लेकर सबसे अधिक चर्चा इसी मुकाबले की बनी हुई है।

मतदान की तारीख नजदीक आने के साथ प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान और तेज कर दिया है। व्यक्तिगत मुलाकातों और संवाद के जरिए अधिवक्ताओं का समर्थन हासिल करने का प्रयास जारी है। अब सभी की निगाहें 5 अगस्त को होने वाले मतदान पर टिकी हैं। मतदान के बाद मतगणना में यह स्पष्ट होगा कि जिला बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी की कमान किसके हाथों में जाएगी।

# मालदीव के समंदर में लापता हुआ अंबेडकरनगर का युवक

## तूफान में पलटी नाव, 31 जुलाई से नहीं मिला सुराग

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। रोजी-रोटी की तलाश में मालदीव गए अंबेडकरनगर के एक युवक का समुद्री हादसे के बाद कोई पता नहीं चल सका है। आलापुर तहसील क्षेत्र के मकरहीं धुसवा गांव निवासी राजीव चौहान 31 जुलाई को काम पर जाते समय समुद्र में आए तेज तूफान के दौरान नाव पलटने के बाद लापता हो गए। स्थानीय स्तर पर तलाश जारी है, लेकिन अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिला है।

परिजनों के अनुसार राजीव चौहान 18 जुलाई 2026 को रोजगार के लिए मालदीव गए थे और 22 जुलाई को वहां पहुंचे थे। वह एक निजी कंपनी में टाइल्स और पत्थर लगाने का काम कर रहे थे। 31 जुलाई को अन्य कर्मचारियों के साथ नाव से कार्यस्थल के लिए निकले थे। इसी दौरान समुद्र में तेज तूफान आ गया और नाव पलट गई। हादसे के बाद राजीव लापता हो गए।

परिवार ने बताया कि राजीव से आखिरी बार 30 जुलाई की शाम मोबाइल पर बात हुई थी। इसके बाद उनका फोन बंद हो गया। अगले दिन समुद्री हादसे की सूचना मिलने के बाद परिजन लगातार संपर्क करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिली है। हादसे के बाद स्थानीय स्तर पर राजीव की तलाश शुरू की गई। हालांकि अब तक उनके बारे में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। परिवार लगातार मालदीव में मौजूद लोगों और संबंधित अधिकारियों से संपर्क बनाए हुए है। परिजनों ने भारत सरकार, विदेश मंत्रालय और जिला प्रशासन से मालदीव प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर तलाश अभियान तेज कराने की मांग की है। उनका कहना है कि युवक का जल्द पता लगाने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास किए जाएं।

# पहले सावन सोमवार पर शिवालयों में उमड़ा जनसैलाब

## जलाभिषेक के लिए तड़के से लगी कतारें

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकर नगर। सावन के पहले सोमवार ने जिले को पूरी तरह शिवमय कर दिया। भोर की पहली किरण के साथ ही शिवालयों के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुल गए और जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया। सुबह से देर शाम तक मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए लगातार श्रद्धालुओं का आगमन होता रहा। भगवान शिव के जयघोष, मंदिरों की घंटियां और शंखनाद से धार्मिक वातावरण पूरे दिन जीवंत बना रहा।

अकबरपुर स्थित शिव बाबा धाम, गायत्री मंदिर, शहजादपुर शिवालय घाट, पहितीपुर रोड स्थित शिव मंदिर, मीरानपुर शिवालय घाट और बस स्टेशन स्थित शिव मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने गंगाजल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और पुष्प अर्पित कर विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। मंदिर परिसरों में दर्शन का क्रम बिना रुके पूरे दिन चलता रहा।

जलालपुर के शीतला माता मठिया मंदिर स्थित शिव मंदिर, शिवाला मंदिर और पारा महादेव मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। वहीं मालीपुर स्थित बाबा झारखंडी महादेव मंदिर में सुबह से ही दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों के बाहर कतारों में खड़े श्रद्धालु अपनी बारी का इंतजार करते रहे और शांतिपूर्वक दर्शन किए।

**प्रदर्शन : 17 पदकों के साथ जिले ने दर्ज कराई मजबूत मौजूदगी**

# लखनऊ में लहराया अंबेडकरनगर का परचम

**ताइक्वांडो के रण में 22 खिलाड़ियों का दम**

तमसा संकेत, संवाददाता




अंबेडकरनगर। राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अंबेडकरनगर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले के नाम 17 पदक दर्ज किए। लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में जिले के 22 खिलाड़ियों ने अलग-अलग आयु और भार वर्ग में मुकाबले खेले। टीम ने सात स्वर्ण, चार रजत और छह कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

31 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित प्रतियोगिता में अंबेडकरनगर ताइक्वांडो एसोसिएशन के प्रशिक्षण प्राप्त खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। ब्लू बेल्स स्कूल, सेंट जेवियर्स अहरिया और मन मार्शल आर्ट फाइट क्लब, तमसा मार्ग के खिलाड़ियों ने जिले का प्रतिनिधित्व किया। खिलाड़ियों ने कई वर्गों में पदक जीतकर जिले की उपलब्धियों में नया अध्याय जोड़ा। इस सफलता में प्रशिक्षक अभिषेक मौर्य, रजत मौर्य, आकाश गौतम और हिमांशु शेखर की भूमिका भी अहम रही। खिलाड़ियों ने उनके मार्गदर्शन में प्रतियोगिता की तैयारी की और राज्य स्तर पर प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

**प्रतियोगिता से लौटने पर खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों का स्वागत किया गया। अंबेडकरनगर ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव मंगेश कुमार मन और गाजी फाउंडेशन के अध्यक्ष मुराद अली ने खिलाड़ियों को माला पहनाकर सम्मानित किया और मिठाई खिलाकर उनकी उपलब्धि की सराहना की।**

### स्वर्ण पदकों से चमकी टीम की सफलता

स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में अर्नव सिंह, सम्यक श्रेष्ठ, ईशान अली, प्रीति, मानवी पाल, सारिका गोयल और सुहासिनी वर्मा शामिल रहे। इन खिलाड़ियों ने अपने-अपने मुकाबलों में लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया।

अभय सिंह, देवांश सिंह, अनंत विक्रम सिंह और यज्ञेश पांडे ने रजत पदक अपने नाम किए। वहीं आदित्य मोदनवाल, अनन्या श्रीवास्तव, अनन्या सोनी, अग्रिमा श्रीवास्तव, प्रज्ञा चौरसिया और ऑफिशियल पूमसे स्पर्धा में एंजल ने कांस्य पदक जीतकर जिले की झोली में कुल 17 पदक जोड़ दिए।

# यूकेलिप्टस का पेड़ बना काल कटाई के दौरान संतुलन बिगड़ा

## किसान के ऊपर गिरा पेड़, मौके पर मौत

तमसा संकेत, संवाददाता




अंबेडकरनगर। सम्मनपुर थाना क्षेत्र के समसुद्दीनपुर गांव में सोमवार दोपहर यूकेलिप्टस का पेड़ काटते समय हुए हादसे में एक किसान की मौत हो गई। पेड़ कटने के दौरान पास के आम के पेड़ में अटक गया और अचानक दिशा बदलते हुए किसान के ऊपर गिर पड़ा। हादसे में किसान की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है

पुलिस के अनुसार, समसुद्दीनपुर गांव निवासी संदीप गौड़ अपने घर के पास लगे यूकेलिप्टस के पेड़ की कटाई का काम देख रहे थे। कटाई के दौरान पेड़ पास में खड़े आम के पेड़ की डाल पर अटक गया। इसी बीच संतुलन बिगड़ने से पेड़ अचानक दूसरी दिशा में झुक गया और सीधे संदीप गौड़ के ऊपर गिर पड़ा। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने शोर सुनकर ग्रामीणों को बुलाया। सभी ने मिलकर पेड़ हटाया और संदीप गौड़ को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही गांव में लोगों की भीड़ जुट गई।

घटना की जानकारी मिलने पर सम्मनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों व ग्रामीणों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। शव को कब्जे में लेकर आगे की विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

# सम्पादकीय

## नशा मुक्त भारत




प्रधानमंत्री ने नशे की लत की समस्या से निपटने के लिए 'विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा संकल्प अभियान' की जो शुरुआत की, वह समय की मांग है। इस अभियान को देश भर में जनभागीदारी आंदोलन के रूप में शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य देश के युवाओं को नशे की लत के खिलाफ एक साथ मिलकर प्रयत्न करने के लिए एकजुट करना है। इस अभियान का उद्देश्य केवल युवाओं को नशा मुक्त भारत के अभियान में योगदान के लिए प्रोत्साहित करना ही नहीं, बल्कि विकसित भारत के लक्ष्य को समर्थन देना भी है। निश्चित रूप से यह एक महत्वाकांक्षी अभियान है। जब देश विकसित भारत के सपने को साकार करने की ओर आगे बढ़ रहा है, तब यह आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है कि देश के युवा मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें और किसी भी तरह के नशे के शिकार न होने पाएं। इस अभियान को वास्तव में जन आंदोलन बनाने के लिए सरकार को बहुत कुछ करना होगा, क्योंकि आम तौर पर यह देखा जाता है कि सरकारी आयोजनों एवं अभियानों में स्वेच्छा से जनभागीदारी नहीं हो पाती। एक समस्या यह भी है कि आमतौर पर ऐसे अभियानों से अन्य राजनीतिक दल और विशेष रूप से विरोधी राजनीतिक दल जुड़ना पसंद नहीं करते। सरकार को यह देखना चाहिए कि इस अभियान में सभी राजनीतिक दलों का सहयोग कैसे प्राप्त हो? इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि युवाओं में नशे की बढ़ती लत किसी एक राज्य या क्षेत्र विशेष की समस्या नहीं है। यह एक तरह से पूरे देश की समस्या है, लेकिन इसी के साथ तथ्य यह भी है कि कुछ सीमावर्ती राज्य इस समस्या से कहीं अधिक ग्रस्त हैं। उदाहरणस्वरूप पंजाब एक अर्से से नशे की समस्या से गंभीर रूप से ग्रस्त है। एक के बाद एक राज्य सरकारों ने पंजाब को नशा मुक्त करने के लिए अभियान छेड़ा, लेकिन उन्हें वांछित सफलता नहीं मिल सकी। पंजाब जैसी स्थिति पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों की भी है। इसका कारण यह है कि जहां पंजाब में पाकिस्तान मादक पदार्थ भेजने में लगा हुआ है, वहीं पूर्वोत्तर में यह काम म्यांमार से हो रहा है। यह एक चिंताजनक तथ्य है कि पिछले कुछ वर्षों में सीमा पार से नशे की आवक बढ़ी है। इसके अतिरिक्त देश में भी चोरी-छिपे मादक पदार्थ बनाने वालों की संख्या बढ़ती हुई दिख रही है। युवाओं को नशे से बचाने के लिए केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकारों और सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों को तो सक्रिय होना ही होगा, समाज को भी इस खतरे से सावधान रहना होगा। घर-परिवार और शिक्षा संस्थानों की ओर से छात्रों को इसके लिए सतत रूप से चेताया जाना चाहिए कि नशे की लत किस तरह युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर देती है। हर स्तर पर सक्रियता और जागरूकता से ही नशे की समस्या से निपटा जा सकता है।

## सवेंदनशीलता

संवेदनशीलता या Sensitivity एक बहुत बड़ा मानवीय गुण होता हैं । उसमें भावों के शब्दों में उकेरा जाता हैं । दूसरों के दुःखों को महसूस करना और उसे कम करने की भावना का प्रयास करना एक महनिय कार्य हम मानव से हो सकता हैं । सवेंदनशीलता यानी दूसरों के दुःख-दर्द को समझना उसे अपने दुःख-दर्द की तरह अनुभव करना और उसे बांटना हैं । यह एक ऐसा मानवीय गुण हैं जिसके बिना इन्सान कभी पूर्ण हो नहीं सकता हैं । हम प्रभु से प्रार्थना करें कि वह हमें यह सही से संवेदनशीलता का अमूल्य गुण प्रदान करे। हमें पूरा मानव बनाए ताकि हम भी किसी जरूरतमंद का दुख दर्द कम कर सकें और उसे महसूस हो कि कोई तो मानवता का प्रतिनिधि उसके साथ है जिसका जरूरत के समय मेरे माथे हाथ है । यह बहुत बड़ी तस्सली है कि किसी जरूर-तमंद को मानो बहुत बड़ा सहारा किसी डूबते हुए को मिल गया हो । दूसरे के सुख दुख में सहभागिता का प्रवेश संवेदन की अनुभूति है और उस संवेदन को प्रकट कर दुखी होना उस अनुभूति की ही एक अभिव्यक्ति हैं । हम मानव के द्वारा दूसरे के दुख में अपना हाथ बांटना महान गुण हैं , संवेदनशीलता की चेतना की यही एक सशक्त पहचान हैं । मानवता का वह श्रेष्ठ गुण जिससे दूसरों के दुख-दर्द में अपनी सी ही वेदना महसूस होती है उसे संवेदना कहते हैं । वह व्यक्ति मानवताहीन है जिसके मन में दूसरों के दुख-दर्द में संवेदना की अभिव्यक्ति नहीं उपजती हैं । किसी की संवेदना मानसिक पीड़ा पर प्रभावी स्नेह की मरहम है । अपनत्व-भाव लेखन की श्रेष्ठ कलम हैं । संवेदना चार आखर का विशाल गागर हैं जिसमें आत्मिक सहानुभूति का सागर भरा हुआ है। श्रेष्ठ मानव की पहचान संवेदना हैं । पीड़ित के दुख-दर्द का अपना सा संज्ञान संवेदना हैं । वह जब दुर्लभ मानव जन्म मिला है तो दुख-दर्द मे संवेदना का मरहम किसी के लगाने को सदैव तत्पर रहें । हमको खुद में झांकने के लिए हमारा स्वयं का जिगर चाहिए । वह दूसरों की शिनाख्त में तो हर शख्स माहिर है। वह खूबसूरत वो हाथ है जो मुश्किल के वक्त किसी का सहारा बन जाए। खूबसूरत वो जज्बात हैं जो दूसरों की भावना को समझ जाए । खूबसूरत वो आंखें हैं जिनमें किसी के खूबसूरत ख्वाब समान आ जाये ।

› प्रदीप छाजेड़

# यूपी एग्री-वोल्टेइक परियोजना कृषकों की नई पगडंडी

> यूपी एग्री-वोल्टेइक परियोजना 2025 का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय को दोगुना करना, कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना और राज्य को हरित ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाना है।





उत्तर प्रदेश में ऊर्जा सुरक्षा, किसानों की आय वृद्धि और सतत विकास को एक साथ आगे बढ़ाने के उद्देश्य से ₹यूपी एग्री-वोल्टेइक परियोजना 2025₹ एक अत्यंत महत्वपूर्ण और नवाचारपूर्ण पहल के रूप में सामने आई है। यह परियोजना पारंपरिक कृषि और सौर ऊर्जा उत्पादन को एकीकृत करने का प्रयास है, जिसमें एक ही भूमि पर फसल उत्पादन के साथ-साथ सौर ऊर्जा का उत्पादन भी किया जाता है। वर्तमान समय में जब ऊर्जा की मांग तेजी से बढ़ रही है और पर्यावरणीय चुनौतियाँ गंभीर होती जा रही है, तब इस प्रकार की परियोजनाएँ भविष्य के लिए एक सशक्त समाधान प्रस्तुत करती हैं। एग्री-वोल्टेइक प्रणाली का मूल सिद्धांत यह है कि खेतों के ऊपर एक निश्चित ऊँचाई पर सोलर पैनल लगाए जाते हैं, जिससे नीचे की भूमि पर कृषि कार्य जारी रह सके। इस तकनीक के माध्यम से किसान एक ही भूमि से दोहरा लाभ प्राप्त कर सकते हैं एक ओर वे फसल उगाते हैं और दूसरी ओर सौर ऊर्जा उत्पन्न कर अतिरिक्त आय अर्जित करते हैं। उत्तर प्रदेश जैसे कृषि प्रधान राज्य में, जहाँ बड़ी संख्या में लोग खेती पर निर्भर है, यह मॉडल किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण का एक प्रभावी माध्यम बन सकता है।

इस परियोजना के तहत राज्य सरकार किसानों को सौर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहित करेगी और इसके लिए वित्तीय सहायता, तकनीकी मार्गदर्शन तथा प्रशिक्षण भी प्रदान करेगी। साथ ही, उत्पादित बिजली को ग्रिड से जोड़कर उसे बेचने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे किसानों को नियमित आय का एक नया स्रोत प्राप्त होगा।

इस परियोजना की एक विशेषता यह है कि यह भूमि के कुशल उपयोग को बढ़ावा देती है। सामान्यतः सौर ऊर्जा संयंत्रों के लिए बड़ी मात्रा में भूमि की आवश्यकता होती है, जिससे कृषि योग्य भूमि कम हो जाती है। लेकिन एग्री-वोल्टेइक प्रणाली में यही भूमि दोहरे उपयोग में आती है। इससे भूमि की उत्पादकता बढ़ती है और संसाधनों का बेहतर प्रबंधन संभव होता है। यह मॉडल विशेष रूप से उन क्षेत्रों के लिए उपयोगी है जहाँ भूमि सीमित है या जहाँ किसानों के पास छोटे-छोटे खेत है। इसके अतिरिक्त, एग्री-वोल्टेइक प्रणाली का पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। सौर ऊर्जा एक स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत है, जो कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद करता है। इसके साथ ही, सोलर पैनलों की छाया फसलों को अत्यधिक तापमान और तेज धूप से बचाती है, जिससे जल की बचत होती है और फसलों की गुणवत्ता में सुधार होता है। कुछ शोधों से यह भी पता चला है कि इस प्रणाली के तहत उगाई गई फसलें अधिक टिकाऊ होती हैं और उनका उत्पादन भी बेहतर होता है। यूपी एग्री-वोल्टेइक परियोजना 2025 के तहत किसानों को विभिन्न प्रकार की फसलों के लिए उपयुक्त मॉडल अपनाने की सलाह दी जाएगी। उदाहरण के लिए, सब्जियाँ, दालें और कुछ औषधीय पौधे ऐसी फसलें हैं जो आंशिक छाया में भी अच्छी तरह उग सकती हैं। इसके अलावा, पशुपालन और मधुमक्खी पालन जैसी गतिविधियों को भी इस प्रणाली के साथ जोड़ा जा सकता है, जिससे किसानों की आय के स्रोत और अधिक विविध हो सकते हैं। इस परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सरकार द्वारा विभिन्न विभागों और निजी क्षेत्र के साथ सहयोग किया जाएगा। ऊर्जा विभाग, कृषि विभाग और ग्रामीण विकास विभाग मिलकर इस परियोजना को आगे बढ़ाएंगे। साथ ही, निजी कंपनियों और निवेशकों को भी इस क्षेत्र में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे न केवल परियोजना का विस्तार होगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न होंगे।


हालांकि, इस परियोजना के सामने कुछ चुनौतियाँ भी है। सबसे बड़ी चुनौती प्रारंभिक लागत है, क्योंकि सोलर पैनल और अन्य उपकरणों की स्थापना में पर्याप्त निवेश की आवश्यकता होती है। इसके अलावा, किसानों को इस नई तकनीक के बारे में पर्याप्त जानकारी और प्रशिक्षण की आवश्यकता होगी। कुछ क्षेत्रों में तकनीकी विशेषज्ञता और रखरखाव की सुविधा भी सीमित हो सकती है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न उपाय किए जा रहे है। सब्सिडी और ऋण सुविधाओं के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे वे इस परियोजना में भाग लेने के लिए प्रेरित हों। इसके साथ ही, प्रशिक्षण कार्यक्रम और कार्यशालाएँ आयोजित की जा रही हैं, ताकि किसानों को इस प्रणाली के बारे में पूरी जानकारी मिल सके। डिजिटल प्लेटफॉर्म और मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से भी किसानों को मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। यूपी एग्री-वोल्टेइक परियोजना 2025 का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में सहायक है। बदलते मौसम, अनियमित वर्षा और बढ़ते तापमान के कारण कृषि क्षेत्र प्रभावित हो रहा है। ऐसे में यह परियोजना किसानों को एक स्थिर और सुरक्षित आय का विकल्प प्रदान करती है, जिससे वे इन चुनौतियों का बेहतर सामना कर सकते हैं। यह परियोजना ग्रामीण विकास को भी गति प्रदान करेगी। जब किसानों की आय बढ़ेगी, तो उनके जीवन स्तर में सुधार होगा और ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियाँ बढ़ेगी। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और पलायन की समस्या में भी कमी आएगी। इसके साथ ही, राज्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में भी यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कुल मिलाकर, यूपी एग्री-वोल्टेइक परियोजना 2025 एक ऐसी पहल है जो कृषि और ऊर्जा दोनों क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखती है। यह परियोजना न केवल किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लक्ष्यों को भी पूरा करने में सहायक होगी। यदि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और सभी संबंधित पक्षों का सहयोग मिले, तो यह परियोजना उत्तर प्रदेश को हरित ऊर्जा और आधुनिक कृषि के क्षेत्र में एक नई पहचान दिला सकती है। अंततः यह कहा जा सकता है कि यूपी एग्री-वोल्टेइक परियोजना 2025 भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई एक दूरदर्शी योजना है, जो ₹एक भूमि, दो लाभ₹ के सिद्धांत पर आधारित है। यह योजना किसानों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलती है और राज्य के समग्र विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान देने की क्षमता रखती है। आने वाले वर्षों में यह परियोजना अन्य राज्यों के लिए भी एक आदर्श मॉडल बन सकती है और देश को ऊर्जा और कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो सकती है।

**आदर अदीब पावेल बन्धु**

## यह परिवर्तन केवल...

ललित गर्ग

# उन्नत बचपन की पहली शर्त स्वस्थ भोजन, स्वस्थ भविष्य



विकसित भारत का स्वप्न केवल आधुनिक इमारतों, तेज अर्थव्यवस्था, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल तकनीक और विश्वस्तरीय आधारभूत संरचनाओं से पूरा नहीं होगा। किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके बच्चे होते हैं। यदि बचपन स्वस्थ, संस्कारित, ऊर्जावान और मानसिक रूप से सुदृढ़ है, तो राष्ट्र का भविष्य स्वतः सुरक्षित हो जाता है। यदि बचपन ही अस्वस्थ, मोटापे, मधुमेह, कुपोषण और गलत खान-पान की आदतों से घिर जाए, तो विकास की पूरी अवधारणा खोखली सिद्ध होने लगती है। इसलिए बच्चों का स्वास्थ्य केवल स्वास्थ्य मंत्रालय का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विकास, शिक्षा, अर्थव्यवस्था और सामाजिक उत्तर-दायित्व का भी सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न है। महाराष्ट्र सरकार द्वारा राज्य के सभी स्कूलों और उनके आसपास जंक फूड की बिक्री, वितरण तथा प्रचार पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय इसी व्यापक दृष्टि का परिचायक है। यह केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के प्रति उत्तरदायित्व का गंभीर संदेश है। यह स्वीकार करने का साहसिक प्रयास है कि बच्चों की सेहत बाजार के मुनाफे से कहीं अधिक मूल्यवान है। यदि यह निर्णय प्रभावी ढंग से लागू होता है तो यह पूरे देश के लिए एक आदर्श मॉडल बन सकता है।

आज सबसे बड़ी चिंता यह नहीं है कि बच्चे भोजन कम खा रहे हैं, बल्कि यह है कि वे पोषण कम और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ अधिक खा रहे हैं। रंग-बिरंगे पैकेट, आकर्षक विज्ञापन, कार्टून पात्रों की ब्रांडिंग, सोशल मीडिया का प्रभाव और हर गली-मोहल्ले में उपलब्ध फास्ट फूड ने बच्चों की स्वादेंद्रियों पर ऐसा कब्जा कर लिया है कि घर का पौष्टिक भोजन उन्हें फीका लगने लगा है। यह परिवर्तन केवल खान-पान की आदत का बदलाव नहीं है, बल्कि धीरे-धीरे उनके शरीर, मस्तिष्क और व्यवहार को भी प्रभावित कर रहा है। वैज्ञानिक शोध लगातार यह बताते रहे हैं कि अधिक वसा, अधिक नमक और अधिक चीनी वाले खाद्य पदार्थ बच्चों में मोटापा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, हार्मोन असंतुलन तथा मानसिक एकाग्रता में कमी जैसी अनेक समस्याओं का कारण बन रहे हैं। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि जो बीमारियां पहले चालीस-पचास वर्ष की आयु में दिखाई देती थीं, वे अब किशोरावस्था और बचपन में ही दस्तक देने लगी हैं। यह केवल स्वास्थ्य संकट नहीं, बल्कि आने वाले समय में देश की उत्पादक क्षमता और मानव संसाधन पर भी गहरा प्रभाव डालने वाला संकट है। बचपन की सबसे बड़ी आवश्यकता स्वाद नहीं, पोषण है। शरीर के विकास के साथ-साथ मस्तिष्क का तीव्र विकास भी बचपन में ही होता है। यदि इस अवस्था में बच्चों को संतुलित भोजन, ताजे फल, हरी सब्जियां, दूध, दालें, मोटे अनाज और प्राकृतिक खाद्य पदार्थ पर्याप्त मात्रा में मिलें, तो उनका शारीरिक और मानसिक विकास कहीं अधिक प्रभावी होता है। इसके विपरीत जंक फूड क्षणिक स्वाद तो देता है, लेकिन शरीर को आवश्यक पोषक तत्व नहीं देता। परिणामस्वरूप बच्चा बाहर से स्वस्थ दिखाई देता है, किंतु भीतर से अनेक पोषण संबंधी कमियों का शिकार बनने लगता है।

दुर्भाग्य यह है कि जंक फूड आज केवल भोजन नहीं रहा, बल्कि एक आक्रामक व्यावसायिक संस्कृति बन चुका है। विज्ञापनों के माध्यम से बच्चों के मन में यह धारणा बैठा दी गई है कि आधुनिकता का अर्थ पैकेटबंद भोजन है। लोकप्रिय खिलाड़ी, फिल्मी कलाकार और डिजिटल प्रभावक अनजाने में बच्चों को ऐसे उत्पादों की ओर आकर्षित करते हैं, जिनका अत्यधिक सेवन उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। ऐसे में केवल परिवारों को दोष देना उचित नहीं होगा। सरकार, उद्योग, विद्यालय, अभिभावक और समाज-सभी को अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि जीवनशैली का निर्माण करने वाली प्रयोगशाला भी हैं। यदि स्कूल परिसर में बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए, पोषण शिक्षा को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए, विद्यालयों में रसोई बाग विकसित किए जाएं, बच्चों को स्वयं पौधे लगाने और प्राकृतिक भोजन के महत्व से जोड़ा जाए, तो यह परिवर्तन अधिक स्थायी होगा। केवल प्रतिबंध लगाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। स्वस्थ विकल्पों को स्वादिष्ट, आकर्षक और सुलभ बनाना भी उतना ही आवश्यक है। भारत की पारंपरिक भोजन संस्कृति विश्व की सबसे संतुलित और वैज्ञानिक भोजन प्रणालियों में मानी जाती है। बाजरा, ज्वार, रागी, दालें, छाछ, दही, अंकुरित अनाज, मौसमी फल, सब्जियां और घर का ताजा भोजन हमारे पूर्वजों की स्वस्थ जीवनशैली की पहचान रहे हैं।

## राष्ट्रीय ग्रामीण ...

डॉ0 सीमा गुप्ता

# प्रतापगढ़ में आजीविका मिशन से संवरती नारी शक्तिः रंजना विश्वकर्मा बनीं स्वावलंबन की मिसाल

उत्तर प्रदेश में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समावेशी, सुदृढ़ और गतिशील बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा संचालित नीतियां नए आयाम स्थापित कर रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। राज्य में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से ग्रामीण अंचल की महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उन्हें स्वरोजगार और आजीविका के अवसरों से आच्छादित किया जा रहा है। सरकार की इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं की पारिवारिक आय में वृद्धि कर उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

इन्हीं योजनाओं का लाभ प्राप्त कर जनपद प्रतापगढ़ के विकासखण्ड आरापुर देवसरा स्थित ग्राम गोदलपट्टी की निवासी रंजना विश्वकर्मा ने अपने परिश्रम और निष्ठा से आर्थिक स्वावलंबन का मार्ग प्राप्त किया है। स्नातक शिक्षा (बीए) प्राप्त करने के उपरांत अपनी प्रतिकूल पारिवारिक परिस्थितियों और सीमित वित्तीय संसाधनों के कारण रंजना आर्थिक दबाव की स्थितियों से गुजर रही थीं। परिवार की आर्थिक आवश्यकताओं का संपूर्ण दायित्व उनके पति पर होने के कारण जीवन निरंतर संघर्षपूर्ण बना हुआ था। परिस्थितियों और हालातों ने रंजना के भीतर आत्मनिर्भर बनने और परिवार की आर्थिक स्थिति को संबल प्रदान करने की इच्छाशक्ति को मजबूत किया।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने रंजना की इस आकांक्षा को एक नई दिशा और सुदृढ़ आधार प्रदान किया। 02 फरवरी 2020 को एनआरएलएम के अंतर्गत गठित 'लक्ष्मीबाई आजीविका स्वयं सहायता समूह' से जुड़कर रंजना ने अपनी नई यात्रा का शुभारंभ किया। समूह की बैठकों और गतिविधियों में निरंतर भागीदारी से उन्हें न केवल वित्तीय साक्षरता हासिल हुई, बल्कि उनके भीतर नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का भी अभूतपूर्व विकास हुआ। उनकी सक्रियता और कार्यकुशलता को देखते हुए समूह की सदस्यों द्वारा उन्हें अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया। समूह के माध्यम से वित्तीय सुलभता स्थापित होने पर रंजना ने लगभग 80 हजार रुपये का ऋण प्राप्त कर सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर का उद्यम प्रारंभ किया। अपनी कड़ी मेहनत और व्यावसायिक सूझबूझ के बल पर उन्होंने इस कार्य को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया, जिससे परिवार को एक नियमित और पूरक आय का स्रोत प्राप्त हुआ। वित्तीय स्थिति में सुधार दर्ज होने के पश्चात रंजना ने नवाचार अपनाते हुए कृषि क्षेत्र में भी कदम रखा। उन्होंने लगभग 10 हजार रुपये की पूंजी का निवेश कर बैंगन एवं अन्य मौसमी सब्जियों की व्यावसायिक खेती शुरू की। इस कृषि उद्यम में उनके परिवार के सदस्यों का भी निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ने से पूर्व आर्थिक तंगी का सामना करने वाली रंजना आज न केवल स्वयं आय अर्जित कर रही हैं, बल्कि अपने परिवार की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# जरा हटके

## तहसील स्थानीय...

अभिषेक सिंह

# तहसील एवं विकास खण्ड मुख्यालयों को दो-लेन मार्गों से जोड़ने पर प्रदेश की मजबूत हुई कनेक्टिविटी



किसी भी राज्य की आर्थिक प्रगति, सामाजिक विकास और प्रशासनिक दक्षता का सीधा संबंध उसके सुदृढ़ आधारभूत ढांचे से होता है। आधारभूत संरचना के विभिन्न घटकों में सड़कें सबसे महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं, क्योंकि सड़कें केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने का माध्यम नहीं होतीं, बल्कि वे विकास, रोजगार, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण की संभावनाओं को गति प्रदान करती हैं। गुणवत्तापूर्ण एवं सुगम सड़क नेटवर्क किसी भी क्षेत्र को मुख्यधारा से जोड़ने के साथ-साथ वहां के नागरिकों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य करती है।

उत्तर प्रदेश, जो देश का सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य होने के साथ-साथ कृषि, उद्योग, व्यापार और मानव संसाधन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, आज तीव्र आर्थिक विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की दिशा में योजनाबद्ध ढंग से कार्य कर रही है। इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र तक बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। विशेष रूप से ग्रामीण एवं अर्धशहरी क्षेत्रों को प्रशासनिक और आर्थिक केंद्रों से जोड़ने के लिए "अंतिम मील तक कनेक्टिविटी" को सुदृढ़ करना विकास की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा तहसील एवं विकास खंड मुख्यालयों को दो-लेन चौड़े मार्गों से जोड़ने की दिशा में व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। यह पहल केवल सड़कों के निर्माण अथवा चौड़ीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रदेश के प्रशासनिक, सामाजिक और आर्थिक एकीकरण को मजबूत बनाने की दिशा में एक दूरदर्शी प्रयास है। बेहतर सड़क संपर्क से शासन की योजनाओं और सेवाओं की पहुंच आमजन तक अधिक प्रभावी ढंग से सुनिश्चित हो रही है।

तहसील स्थानीय प्रशासन की एक महत्वपूर्ण इकाई होती है। राजस्व संबंधी कार्यों, भूमि अभिलेखों, प्रमाण पत्रों, न्यायिक एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं तथा विभिन्न सरकारी सेवाओं के लिए बड़ी संख्या में नागरिकों को प्रतिदिन तहसील मुख्यालयों तक पहुंचना पड़ता है। ऐसे में तहसील मुख्यालयों तक सुरक्षित, सुगम और बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध होना जनसुविधा की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है।

उत्तर प्रदेश में वर्तमान में कुल 351 तहसील मुख्यालय हैं। इन तहसील मुख्यालयों तक आमजन की आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें दो-लेन चौड़े मार्गों से जोड़ने का संकल्प लिया गया है। इस दिशा में वर्ष 2017 से अब तक कुल 38 तहसील मुख्यालयों के लिए लगभग 293 किलोमीटर लंबी सड़कों के निर्माण एवं सुधार कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं के लिए कुल ₹446 करोड़ की लागत निर्धारित की गई है। यह निवेश प्रदेश सरकार की उस स्पष्ट प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके अंतर्गत सड़क अवसंरचना को विकास की आधारशिला मानते हुए निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है। स्वीकृत कार्यों के सापेक्ष अब तक 37 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, जबकि शेष कार्य विभिन्न चरणों में प्रगति पर हैं। इन परियोजनाओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं समयबद्ध ढंग से पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

तहसील मुख्यालयों तक पहुंचने वाले मार्गों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण से आम नागरिकों को सरकारी कार्यों के लिए अधिक सुविधा प्राप्त होगी। अब दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को बेहतर सड़क मार्ग उपलब्ध होने से यात्रा में लगने वाला समय कम होगा। इससे राजस्व संबंधी कार्यों, प्रमाण पत्रों, भूमि अभिलेखों तथा अन्य प्रशासनिक सेवाओं के लिए तहसील पहुंचना अधिक सरल और सुविधाजनक बनेगा। बेहतर सड़क संपर्क का लाभ अधिवक्ताओं, किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों तथा विभिन्न सरकारी और निजी संस्थाओं से जुड़े लोगों को भी प्राप्त होगा। सुगम यातायात से यात्रा की लागत में कमी आएगी और लोगों का समय बचेगा। इससे प्रशासनिक कार्यों की गति और दक्षता में भी सुधार होगा।

विकास खंड ग्रामीण विकास व्यवस्था की महत्वपूर्ण इकाई होते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, विकास कार्यों की निगरानी, कृषि एवं ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के संचालन तथा स्थानीय स्तर पर जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में विकास खंड मुख्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

उत्तर प्रदेश में कुल 826 विकास खंड मुख्यालय हैं। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों को विकास खंड मुख्यालयों से बेहतर ढंग से जोड़ने के उद्देश्य से सरकार द्वारा इन मार्गों के चौड़ीकरण और दो-लेन मार्गों के रूप में विकास की व्यापक योजना पर कार्य किया जा रहा है। वर्ष 2017 से अब तक प्रदेश में कुल 189 विकास खंड अथवा संबंधित तहसील मुख्यालयों के मार्गों के लिए लगभग 1,438 किलोमीटर लंबे सड़क मार्गों के चौड़ीकरण की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए लगभग ₹2,505 करोड़ की लागत निर्धारित की गई है। यह व्यापक निवेश इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश सरकार ग्रामीण एवं विकास खंड स्तर की कनेक्टिविटी को अपनी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल कर रही है। स्वीकृत कार्यों में से अब तक 170 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, जबकि शेष परियोज-नाओं पर कार्य प्रगति पर है।

## युवा शक्ति को रोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ना योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता - मंत्री कपिल देव अग्रवाल

# किसी भी नौकरी को छोटा न समझें निरंतर सीखने की प्रवृत्ति अपनाएं

**आयोजन**

- कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया मेगा जॉब मेला-2026 का शुभारंभ, यूपीएसडीएम और आईबीएम के बीच हुआ एमओयू

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के युवाओं को रोजगार, कौशल और आत्मनिर्भरता से जोड़ने के अभियान को नई गति देते हुए सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में IBM India CSR के सहयोग से



मेगा जॉब मेला-2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (UPSDM) एवं IBM के मध्य समझौता ज्ञापन (MoU) का आदान-प्रदान हुआ। इस साझेदारी के माध्यम से प्रदेश के प्रशिक्षण संस्थानों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), डिजिटल स्किल्स, इंडस्ट्री-ओरिएंटेड प्रशिक्षण तथा रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों का विस्तार किया जाएगा, जिससे लाखों युवाओं को आधुनिक तकनीकों के अनुरूप दक्ष बनाया जा सकेगा। अपने संबोधन में कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि युवा शक्ति को रोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ना योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आज का युग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई तकनीकों का है। ऐसे में युवाओं को केवल डिग्री तक सीमित न रहकर नई तकनीकों, डिजिटल कौशल, प्रभावी संवाद क्षमता और आत्मविश्वास पर भी समान रूप से ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि बदलती तकनीक के साथ स्वयं को निरंतर अपडेट करने वाले युवा ही भविष्य में बेहतर अवसर प्राप्त करेंगे। किसी भी नौकरी को छोटा न समझें, पूरी लगन, अनुशासन और ईमानदारी से कार्य करें। जो व्यक्ति अपने कार्य से संस्थान की आवश्यकता बन जाता है, उसके लिए आगे बढ़ने के अवसर स्वयं बनते हैं। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न पॉलिटेक्निक, आईटीआई, इंजीनियरिंग एवं डिग्री कॉलेजों के 2,000 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं Airtel Payments Bank, Nykaa, Tata Motors, Suzuki सहित 20 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग कर युवाओं को रोजगार के विविध अवसर उपलब्ध कराए।

एमओयू के आदान-प्रदान के बाद सेरेमोनियल बेल रिंगिंग के माध्यम से रोजगार मेले का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर यूपीएसडीएम के संयुक्त निदेशक मयंक गंगवार, आईबीएम के प्रतिनिधिगण, विभिन्न कंपनियों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**योगी सरकार का बड़ा कदम, आईबीएम के साथ साझेदारी से युवाओं को मिलेगा एआई आधारित कौशल प्रशिक्षण और रोजगार**





> कार्यक्रम में प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने कौशल विकास मिशन की विभिन्न पहलों की जानकारी दी। वहीं आईबीएम इंडिया/दक्षिण एशिया की सीएसआर लीड शिप्रा शर्मा ने कहा कि यह साझेदारी उत्तर प्रदेश के युवाओं तक अत्याधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण और एआई आधारित शिक्षा पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**निरंतर सीखने की प्रवृत्ति अपनाएं और कौशल प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाएं**

मंत्री अग्रवाल ने युवाओं से आह्वान किया कि वे निरंतर सीखने की प्रवृत्ति अपनाएं और कौशल प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में प्रतिभा और प्रदर्शन के आधार पर तेजी से आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं तथा सरकार युवाओं को उद्योगों से जोड़ने के लिए लगातार ऐसे रोजगार मेलों का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और उद्यमशीलता को नई दिशा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य प्रत्येक युवा को उसकी योग्यता के अनुरूप प्रशिक्षण एवं रोजगार उपलब्ध कराकर 'विकसित उत्तर प्रदेश' और 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करना है।

**फास्ट न्यूज**

### पंचमुखी हनुमान मंदिर की मूर्तियों के मुकुट-छत्र चोरी

लखनऊ । लखनऊ के श्री संकट हरन पंचमुखी हनुमान मंदिर में चोरी हो गई। चोरों ने मंदिर में स्थापित सभी मूर्तियों के चांदी के मुकुट व छत्र चोरी कर लिए। चोर कुल 9 मुकुट, 3 छत्र और CCTV कैमरों का DVR चुरा ले गए।

घटना महानगर इलाके में 2-3 अगस्त की रात में हुई। मंदिर संस्थापक ने मामले की पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

### भूलभुलैया, बावली, शाही हम्माम व पिक्चर गैलरी पर्यटकों के लिए रहेंगे बंद

लखनऊ। चेहल्लुम के अवसर पर 4 अगस्त 2026 (20 सफर, 1448 हिजरी) को लखनऊ स्थित बड़ा इमामबाड़ा परिसर में मौजूद भूलभुलैया, बावली, छोटा इमामबाड़ा स्थित शाही हम्माम तथा पिक्चर गैलरी पर्यटकों के लिए बंद रहेंगे। इस संबंध में हुसैनाबाद एवं सम्बद्ध ट्रस्ट, लखनऊ के सहायक प्रभारी अधिकारी द्वारा जारी पत्र के अनुसार, चेहल्लुम के अवसर पर उपरोक्त ऐतिहासिक स्थलों को एक दिन के लिए आम पर्यटकों के लिए बंद रखने का निर्णय लिया गया है। ट्रस्ट ने दूरदर्शन तथा जिला सूचना कार्यालय के माध्यम से हिंदी, अंग्रेजी एवं उर्दू समाचार माध्यमों से इस सूचना का व्यापक प्रसारण करने का अनुरोध किया है।

### आवारा पशुओं के खिलाफ अभियान

लखनऊ । लखनऊ नगर निगम के पशु कल्याण विभाग ने सोमवार को शहर में आवारा और निराश्रित पशुओं को पकड़ने के लिए अभियान चलाया। पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि दिन भर चलाए गए अभियान में 48 पशु पकड़े गए हैं। अभियान के दौरान बुद्धेश्वर चौराहा, अंसल गोल्फ सिटी, इंदिरा नगर, तकरोही, सर्वोदय नगर, आदिल नगर, कल्याणपुर, नाका हिंडोला, सरोजिनी नगर और विकास नगर सहित कई क्षेत्रों में कार्रवाई की गई।

# सपाई ऐसे चिल्ला रहे जैसे इनका पैसा चोरी हुआ : केशव

## 100 चूहे खाकर बिल्ली हज को चली गुस्साए सपा एमएलसी वेल में आए

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । यूपी विधानमंडल के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को विधानपरिषद में राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर हंगामा हो गया। डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कहा- सूप बोले तो बोले, छलनी भी बोले, जिसमें बहत्तर छेद। सपा के लोग बाबर से रिश्तेदारी जोड़ते थे। 1990 में इन्हीं लोगों ने राम भक्तों की हत्या कराई थी। इस पर सपा MLC नाराज हो गए। वे कुर्सियां छोड़कर वेल में आ गए और 'चंदा चोर, गद्दी छोड़' के नारे लगाने लगे। गुस्साए केशव मौर्य ने कहा- सौ चूहे खाकर बिल्ली हज करने को चली है। जवाब में सपा विधायकों ने कहा- आप चढ़ावा चोरी करके हज को चले। इस पर केशव ने कहा- अयोध्या में भव्य मंदिर देखकर इनकी छाती फट रही है। मथुरा और



काशी में भी मंदिर बनकर रहेगा। ऐसे चिल्ला रहे हैं, जैसे इनका दिया हुआ पैसा चोरी हो गया हो। एक रुपया दिया नहीं और चढ़ावा चोरी की बात कर रहे हैं। इतनी बेशर्मी। इससे पहले, सोमवार सुबह साढ़े 10 बजे सपा-कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा के बाहर राम मंदिर चढ़ावा चोरी और नीट पेपर लीक को लेकर प्रदर्शन किया। सपाई दानपेटी में चिल्लर भरकर पहुंचे। हाथों में पोस्टर थे, लिखा था- 'नीट है या चीट है', 'राम के नाम पर लूट है।'

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने X पर लिखा- 'आरंभ ही प्रचंड है।' सदन शुरू होने से पहले सीएम योगी ने मीडिया से बात की। कहा- जिन लोगों के समय किसानों के हितों पर कुठाराघात हुआ, आज वही लोग किसानों की बात कर रहे हैं। उनका दोहरा चरित्र देखिए। इन लोगों ने राम भक्तों पर गोलियां चलवाई थीं। आज राम मंदिर की बात कर रहे हैं। जनता इन्हें देख रही है। विधानसभा में देश के सबसे उम्रदराज सपा विधायक आलमबदी के निधन पर शोक प्रस्ताव रखा गया।

## आरएफआईडी टैग व कमांड सेंटर के जरिए अवैध खनन और परिवहन पर कसी लगाम

# यूपी में अवैध खनन पर योगी सरकार का डिजिटल प्रहार

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आधुनिक तकनीक आधारित एकीकृत खनन निगरानी तंत्र (आईएमएसएस) को मजबूत किया है। इस प्रणाली के माध्यम से खनन क्षेत्रों की 24 घंटे निगरानी की जा रही है, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है व राजस्व संरक्षण को नई मजबूती मिली है। इस सख्ती के जरिए भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग को 756 करोड़ रुपये से अधिक राजस्व भी प्राप्त हुआ। उत्तर प्रदेश भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की सचिव एवं निदेशक माला श्रीवास्तव ने बताया कि आईएमएसएस के अंतर्गत खनन क्षेत्रों की जियो-फेंसिंग, कैमरा युक्त वे-ब्रिज, खनिज परिवहन



करने वाले वाहनों पर रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) माइन टैग, विभिन्न राजमार्गों पर आईओटी व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित मानव रहित स्वचालित चेकगेट स्थापित किए गए हैं। इन सभी व्यवस्थाओं को लखनऊ स्थित कमांड सेंटर से एकीकृत किया गया है, जहां से पूरे प्रदेश की गतिविधियों की निगरानी की जाती है। उत्तर प्रदेश खनन नीति 2017 के तहत एकीकृत खनन निगरानी तंत्र को लागू किया गया था। वहीं 16 जुलाई 2026 तक आईएमएसएस के माध्यम से 2.41 लाख से अधिक ई-नोटिस जारी किए जा चुके हैं। इन ई-नोटिसों के माध्यम से 998 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि निर्धारित की गई है। इसमें से अब तक करीब 756 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली भी की जा चुकी है। इससे योगी सरकार की तकनीक आधारित निगरानी व्यवस्था अवैध खनन व खनिज परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के साथ-साथ सरकारी राजस्व बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### 1.53 लाख से अधिक वाहनों पर सख्त निगरानी

प्रदेश में 62 चेकगेट संचालित हैं, जबकि दो नए चेकगेट निर्माणाधीन हैं। 75 आरएफआईडी रीडर और एम-चेक एप की सहायता से निगरानी व्यवस्था को और सुदृढ़ किया गया है। अब तक 1.53 लाख से अधिक वाहनों पर आरएफआईडी माइन टैग लगाए जा चुके हैं, जिससे खनिज परिवहन की ऑनलाइन ट्रैकिंग संभव हो रही है।

> कमांड सेंटर में स्थापित डिसीजन सपोर्ट सिस्टम के माध्यम से जनपदों द्वारा चिन्हित अवैध गतिविधियों के खिलाफ तत्काल ई-नोटिस जारी किए जा रहे हैं। इससे कार्रवाई की प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक तेज, पारदर्शी और प्रभावी बनी है।

## आलम बदी के कार्यों ने बताया, जनता व क्षेत्र के प्रति समर्पित रहें तो आयु मायने नहीं रखती: मुख्यमंत्री

# सादगी और बेदाग छवि के लिए भी जाने जाते थे आलम बदी: मुख्यमंत्री

**श्रद्धांजलि**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्तमान विधानसभा के सदस्य आलम बदी के निधन पर मानसून सत्र के पहले दिन शोक जताया। सीएम ने 21 पूर्व सदस्यों को भी अपनी भावभानी श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम ने कहा कि उम्र के इस पड़ाव पर भी आलम बदी जी की राजनीतिक सक्रियता हर जनप्रतिनिधि को प्रेरित करती थी। उनका निर्वाचित होना यह दर्शाता है कि जनप्रतिनिधि के रूप में यदि हम जनता व क्षेत्र के प्रति समर्पित रहें तो आयु मायने नहीं रखती। नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने बताया कि वर्तमान विधानसभा के



सदस्य आलम बदी का निधन बीती 23 जुलाई को हो गया। उनकी आयु 90 वर्ष से अधिक थी। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। आलम बदी सदन के वरिष्ठ और सबसे वयोवृद्ध सदस्य थे। उनका जन्म 16 मार्च 1936 को आजमगढ़ के बिंदवल में हुआ था। वर्तमान विधानसभा में वे पांचवीं बार सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए थे। वे सर्वप्रथम 1996 के मध्यावधि चुनाव में चुने गए थे। इसके पश्चात 2002, 2012, 2017 व 2022 में निर्वाचन क्षेत्र निजामाबाद (आजमगढ़) से समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वे विधानसभा की विभिन्न समितियों के सदस्य रहे। वर्तमान में विधानसभा की आचार समिति के भी सदस्य थे। उम्र के इस पड़ाव पर भी उनकी राजनीतिक सक्रियता अन्य जनप्रतिनिधियों को प्रेरित करती थी। आलम बदी का निर्वाचित होना दर्शाता है कि जनप्रतिनिधि के रूप में यदि हम जनता व क्षेत्र के प्रति समर्पित रहे तो आयु की सीमा मायने नहीं रखती।

**सीएम ने पूर्व 21 सदस्यों को भी दी भावभीनी श्रद्धांजलि**

- मुख्यमंत्री योगी ने वर्तमान विधानसभा के सदस्य रहे आलम बदी को दी श्रद्धांजलि, बीती 23 जुलाई को हो गया था उनका निधन
- पांचवी बार विधायक बने सपा के आलम बदी की आयु 90 वर्ष से अधिक थी, लंबे समय से चल रहे थे अस्वस्थ



### सीएम ने 21 पूर्व सदस्यों को भी दी श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री ने पूर्व सदस्य राजेंद्र त्रिपाठी, पूर्व विधायक भोला पांडेय, अमिताभ लवानिया, सुब्बाराम, जगन्नाथ चौधरी, रामप्यारे आजाद, गोपीनाथ वर्मा, यशपाल सिंह, राधेश्याम भारती, संग्राम सिंह, हरिनारायण राजभर, डॉ. भगवत दयाल, अरुण कुमार सिंह 'मुन्ना', ओमवती देवी, मोहर सिंह, अफसर यू अहमद, तेजभान सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, प्यारेलाल शंखवार, ओमकार सिंह, हनुमंत सिंह के निधन पर भी शोक जताया।

# कांवड़ियों ने स्कूल वैन में तोड़फोड़ की भीड़ जुटी तो बाइकों से भागे

## चीखते-चिल्लाते रहे मासूम बच्चे

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ में सोमवार सुबह 7 बजे बाइक सवार कांवड़ियों ने स्कूल वैन में तोड़फोड़ की। डरकर वैन सवार बच्चे चीखते-चिल्लाते इधर-उधर भागने लगे। ड्राइवर भाग गया। मौके पर भीड़ जुटने पर कांवड़िए भाग गए। इस दौरान लोगों ने मोबाइल से उनका वीडियो बना लिया। सूचना पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

पता चला कि वैन के हल्के टक्कर के बाद कांवड़ियों ने हमला किया। हालांकि, पुलिस का कहना है कि कांवड़िए के भेष में युवकों ने स्कूल वैन पर हमला किया है। मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। वीडियो के जरिए उनकी पहचान करने की कोशिश की जा रही है। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना चौक क्षेत्र के चरक चौराहे पर हुई। एसीपी चौक के मुताबिक, सोमवार सुबह करीब 7



बजे कुछ लोग कांवड़ियों के भेष में बाइक से जा रहे थे। चरक चौराहे पर उनकी बाइक स्कूल वैन से टक्करा गई। इसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। बाइक सवार युवकों ने किसी भारी चीज से स्कूल वैन के शीशे पर वार कर दिया, जिससे शीशा टूट गया। घटना के समय वैन में कुछ स्कूली बच्चे सवार थे, जो अचानक हुई घटना से घबरा गए। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। घटना देखकर आसपास के लोगों की भीड़ जुटने लगी। लोगों ने समझाने का प्रयास किया। इस बीच मौका देखकर बाइक सवार युवक फरार हो गए।

## कार्यादेश : नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए के शर्मा ने विधान परिषद में सरकार का पक्ष रखा मजबूती से

# मैनपुरी में लिगसी वेस्ट के निस्तारण का कार्य तेजी से जारी : ए के शर्मा

> पूर्व सरकारों की छोड़ी गंदगी साफ कर रही है वर्तमान सरकार
> क्वालिटी पावर और स्वच्छ शहर हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता
> भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस, विकास कार्यों में पूरी पारदर्शिता
> पूर्व सरकारों में बिजली व्यवस्था बदहाल थी, आज हम क्वालिटी पावर देने के लिए प्रतिबद्ध है
> - ऊर्जा मंत्री

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने आज विधान परिषद के तृतीय सत्र के प्रथम दिन विभिन्न विभागीय प्रश्नों का उत्तर देते हुए सरकार की



विकासोन्मुखी कार्यशैली, पारदर्शिता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता को सदन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा।

विधान परिषद सदस्य श्री मुकुल यादव द्वारा मैनपुरी में नगर पालिका के कचरा निस्तारण संयंत्र से संबंधित प्रश्न के उत्तर में मंत्री श्री शर्मा ने बताया कि नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु प्लांट वर्ष 2012 से संचालित एवं क्रियाशील है। नगर में उपलब्ध लगभग 50 हजार मीट्रिक टन लिगेसी वेस्ट के निस्तारण के लिए 19 मार्च 2026 को कार्यादेश जारी किया जा चुका है। प्लांट एवं आवश्यक मशीनरी स्थापित कर कार्य प्रारंभ हो चुका है तथा प्रतिदिन लगभग 20 टन ठोस अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज भी वर्तमान सरकार पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा छोड़ी गई गंदगी को साफ करने का कार्य कर रही है।

**लापरवाही पर किसी भी दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा: ए के शर्मा**



### पूर्ववर्ती सरकारों के समय बिजली व्यवस्था अत्यंत जर्जर थी

मंत्री शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के समय बिजली व्यवस्था अत्यंत जर्जर थी। न पर्याप्त खंभे थे, न तार और न ही विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था। आज उत्तर प्रदेश बिजली उत्पादन, आपूर्ति और वितरण के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है और जनता को पावर क्वालिटी देने के लिए प्रतिबद्ध है।

> एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मंत्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक उपभोक्ता को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसके लिए विद्युत अवसंरचना का लगातार विस्तार किया जा रहा है तथा आवश्यकता के अनुरूप सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# विद्यालय बनेंगे राष्ट्रभक्ति के सबसे बड़े केंद्र : मंत्री संदीप सिंह

## विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के विद्यालय इस बार राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और जनभागीदारी के सबसे बड़े केंद्र बनेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने 14 अगस्त के 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' और 15 अगस्त तक चलने वाले 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' को विद्यालयों के माध्यम से जनआंदोलन का स्वरूप देने की व्यापक तैयारी पूरी कर ली है। बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग ने इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना जारी करते हुए प्रदेशभर के विद्यालयों में विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अभियान के माध्यम से राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता, संविधान के प्रति सम्मान और तिरंगे के गौरव का संदेश घर-घर पहुंचाया जाएगा। अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार अभियान का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस को जनभागीदारी, राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय चेतना का व्यापक जन अभियान बनाना है। इसके अंतर्गत सभी बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में निर्धारित कार्यक्रमों का समयबद्ध आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा। प्रत्येक गतिविधि में विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारी, सामुदायिक सहयोग और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। 14 अगस्त को प्रदेश के सभी विद्यालयों में 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' मनाया जाएगा। विद्यार्थियों को भारत विभाजन की ऐतिहासिक परिस्थितियों, उसके मानवीय प्रभाव तथा राष्ट्रीय एकता के महत्व से परिचित कराया जाएगा।

- विद्यालयों से घर-घर पहुंचेगा राष्ट्रभक्ति का संदेश, योगी सरकार ने शुरू किया 'हर घर तिरंगा' अभियान
- 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस', 15 अगस्त तक चलेगा 'हर घर तिरंगा अभियान-2026'
- परिषदीय-माध्यमिक विद्यालयों में प्रतियोगिताएं, प्रभात फेरियां, तिरंगा यात्राएं और जनजागरुकता कार्यक्रम होंगे आयोजित

### हरदोई में हाथ छोड़ भागी सहेली, मोहल्ले की दुकान से सामान लेने निकली थी

# छात्रा के सिर पर गिरा पोल, 3 सेकेंड में मौत

**घटना**

**तमसा संकेत, एजेंसी**




हरदोई। हरदोई में सड़क पर जा रही 9वीं की छात्रा की 3 सेकेंड के अंदर मौत हो गई। उसके सिर पर बिजली का पोल टूटकर गिर गया। छात्रा का सिर पूरी तरह से पिचक कर फट गया। घटना के समय उसकी सहेली भी साथ में थी। वह पोल टूटने की आवाज सुनकर एक कदम आगे भागी, जिससे उसकी जान बच गई।

छात्रा करीब 25 सेकेंड तक पोल के नीचे ही दबी रही। कुछ राहगीरों ने बांस के सहारे पोल को उठाकर छात्रा को उसके नीचे से निकाला। लेकिन तब तक छात्रा की सांसें थम चुकी थीं। हादसा बेहटा गोकुल के भीहगांव में रविवार शाम करीब 6:30 बजे हुआ। इसका सीसीटीवी फुटेज आज सामने आया है।

बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के भीहगांव में अजय शुक्ला अपने परिवार के साथ रहते हैं। घर में पत्नी साधना के अलावा 6 बच्चे हैं। इनमें रागिनी (14) दूसरे नंबर पर थी। वो चंद्रहास सिंह मुन्नी देवी इंटर कॉलेज में कक्षा नौ की छात्रा थी। रागिनी के घर से करीब 200 मीटर दूर पांडेय किराना स्टोर है। यहां रविवार की शाम को ज्ञानधारा दाना लादकर डीसीएम आई थी। डीसीएम का ड्राइवर सामान उतारने के लिए गाड़ी आगे बढ़ा रहा था। तभी ऊपर से गुजर रहा बिजली का केबल डीसीएम के एंगल में फंस गया। तार में इतना तेज खिंचाव हुआ कि बिजली का पोल सड़क की ओर झुककर टूट गया। तभी रागिनी उसकी चपेट में आ गई। वो अपनी सहेली कामिनी के साथ इसी दुकान से सामान लेने निकली थी। दोनों सहेलियां एक-दूसरे का हाथ पकड़कर निकल रही थीं। जैसे ही तार खिंचा और पोल टूटने की आवाज आई। कामिनी ने शोर मचाया और रागिनी का हाथ छोड़कर आगे बढ़ गई।

**बेटी की लाश से लिपटकर रोने लगी मां**

पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल हो गया। मां साधना बेटी की लाश से लिपटकर रोने लगी। कहने लगी कि अभी तो बिटिया को सामान लेने भेजा था। हे भगवान ये क्या हो गया। हादसे के बाद शोर शराबा सुनकर डीसीएम का चालक मौके से गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

> थानाध्यक्ष मार्कण्डेय सिंह ने बताया-पुलिस सीसीटीवी फुटेज को भी जांच में शामिल कर रही है। परिजनों की ओर से शिकायत मिली है। आरोपी डीसीएम ड्राइवर पर कार्रवाई की जाएगी।



हादसे के बाद रागिनी की दोस्त कामिनी चिल्लाने लगी और मदद की गुहार लगाने लगी, तब लोग दौड़े।

जबकि, रागिनी बचने के लिए डर के मारे अपनी जगह पर ही खड़ी रह गई। मात्र तीन सेकेंड में पोल टूटा और सीधे उसके सिर पर गिर गया। पोल के नीचे आते ही उसका सिर फट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। करंट लगने के डर से लोग पहले तो दूर खड़े रहे। करीब 25 सेकेंड बाद दो लोगों ने बांस के सहारे पोल को उठाया। एक शख्स ने छात्रा को पोल के नीचे से बाहर निकाला। हादसे की सूचना मिलते ही छात्रा के घरवाले भागते हुए मौके पर पहुंचे।

## गाजीपुर ट्रैफिक पुलिस को मिलीं 2 हाईटेक इंटरसेप्टर बाइक

### तेज रफ्तार और शराब पीकर ड्राइविंग पर होगी सख्त कार्रवाई

**तमसा संकेत, एजेंसी**



गाजीपुर । गाजीपुर ट्रैफिक पुलिस को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रभावी पालन के लिए दो नई इंटरसेप्टर बाइक (रॉयल एनफील्ड हंटर 350) मिली हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने बताया कि इन हाईटेक वाहनों से तेज रफ्तार, शराब पीकर ड्राइविंग और अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर मौके पर ही कार्रवाई की जाएगी।

एसपी डॉ. ईरज राजा के अनुसार, इन इंटरसेप्टर बाइकों में स्पीड डिटेक्शन सिस्टम लगा है। यह सिस्टम चलते हुए वाहनों की गति मापने में सक्षम है। निर्धारित गति सीमा से अधिक पाए जाने पर संबंधित वाहन के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

बाइकों में ब्रीथ एनालाइजर भी मौजूद है, जिससे शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच की जा सकेगी। जांच में दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है।

इन इंटरसेप्टर बाइकों में डेसीबल मीटर भी है। इसकी मदद से निर्धारित मानक से अधिक ध्वनि करने वाले वाहनों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने बताया कि ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान भी चलाया जाएगा। इन वाहनों में ऑटोमैटिक ई-चालान की सुविधा भी शामिल है। यातायात नियम का उल्लंघन होते ही चालान ऑनलाइन जनरेट होगा और इसका संदेश तुरंत वाहन मालिक के मोबाइल नंबर पर पहुंच जाएगा।

**फास्ट न्यूज**

### जंतर-मंतर पर कुछ छात्रों ने माहौल बिगाड़ाः राज्यपाल

आगरा । आगरा में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा- वहां पर जो कुछ हुआ, हमने देखा है। कुछ बच्चों की गलत हरकत ने माहौल बिगाड़ा। वह बच्चे पढ़े-लिखे थे, लेकिन उनमें संस्कार नहीं था। हमें बच्चों में शिक्षा के साथ ही संस्कार भी देना होगा। सोमवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय का 92वां दीक्षांत समारोह की राज्यपाल ने अध्यक्षता की।

### रिटायर्ड मर्चेंट नेवी ऑफिसर से 1.25 करोड़ का साइबर फ्रॉड

कानपुर । कानपुर के कोहना में निवेश करने पर अत्यधिक मुनाफे का झांसा देकर साइबर ठगों ने रिटायर्ड मर्चेंट नेवी ऑफिसर के साथ 1.25 करोड़ की ठगी की वारदात को अंजाम दिया। बुजुर्ग ने दो माह में 19 बार में ठगों के अकाउंट में पैसा ट्रांसफर किया, जो देशभर के लगभग 2 हजार से अधिक खातों में कई लेयर में ट्रांसफर किया गया। पीड़ित ने कोहना थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। साइबर सेल टीम की जांच में सामने आया कि बुजुर्ग से ठगी की बड़ी रकम बैंगलुरु, फरीदाबाद, साहिबाबाद, कर्नाटक के खातों में ट्रांसफर की गई है।


### कानपुर में पार्षद बोले-नगर निगम में फाइलें गायब हो रहीं

कानपुर । कानपुर नगर निगम मुख्यालय में सोमवार दोपहर करीब 3 बजे हुई जोन-1 की बैठक में पार्षदों का गुस्सा फूट पड़ा। किसी ने फाइलें गायब होने का आरोप लगाया तो किसी ने सड़क, लाइट और विकास कार्य ठप होने की शिकायत की। कई पार्षदों ने कहा कि महीनों से फाइलें नहीं मिल रही हैं और काम शुरू ही नहीं हो पा रहे हैं।

# पीएम मोदी को गालियां देने वाली लड़की पर एफआईआर नहीं होगी

### दिल्ली पुलिस ने कहा- पीएम ने माफ कर दिया, कार्रवाई नहीं होगी

**तमसा संकेत, एजेंसी**



दिल्ली। जंतर-मंतर प्रोटेस्ट के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गालियां देने वाली नाबालिग लड़की के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज नहीं किया जाएगा। नोएडा में FIR लिखाने वाली वकील स्मृति सिंह चंदेल ने संवाददाता से कहा- केस वापस हो गया है।

वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दिल्ली पुलिस ने लड़की पर एक्शन नहीं लेने का फैसला किया है। दिल्ली पुलिस ने कहा है कि जब पीएम मोदी ने ही उसे माफ कर दिया, उसके बाद उस पर कार्रवाई नहीं की जाएगी।

दरअसल, नोएडा पुलिस ने प्रधानमंत्री के लिए अपमानजनक टिप्पणी करने वाली लड़की के खिलाफ जीरो FIR दर्ज की थी। इसके तुरंत बाद यानी 1 अगस्त की रात लड़की का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें उसने माफी मांगते हुए कहा था कि वह बहकावे में आ गई थी।

23 जुलाई को सेक्टर 168 की रहने वाली एक लड़की का वीडियो सामने आया जिसमें वह प्रधानमंत्री मोदी को गालियां देते हुए दिखाई दे रही थी। इसके बाद वह हंसती हुई वहां से निकल जाती है। गाली देने वाली नोएडा की लड़की के खिलाफ जीरो FIR दर्ज हो गई है। यह कार्रवाई नोएडा के एक्सप्रेसवे थाने में गाजियाबाद की वकील स्मृति सिंह चंदेल की शिकायत पर हुई। PM मोदी ने रात 11 बजे इंस्टाग्राम पर रील शेयर की। उन्होंने कहा बचपन में गलतियां होती हैं। बचपन की गलतियों को सुधारने का अवसर भी होता है। ये गुमराह बच्चे हैं, इन्हें राह दिखाने का समय है, इन्हें माफ करना चाहता हूं।

लड़की ने माफी मांगने का वीडियो जारी किया। उसने कहा, 'मैं सिर्फ 15 साल की हूं, यह मेरी पहली और आखिरी गलती थी। मैं बहकावे में आ गई थी।' लड़की हाथ जोड़कर अपने बयान पर माफी मांगती नजर आ रही है।

### 38 भवनों को गिराने के आदेश पर मुरादाबाद कमिश्नर ने लगाई रोक

# जौहर यूनिवर्सिटी पर कोर्ट में केस तक नहीं चलेगा बुलडोजर

> रामपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं डीएम रामपुर ने 15 जुलाई को आदेश जारी कर जौहर यूनिवर्सिटी की 40 में से 38 इमारतों को अवैध घोषित करते हुए उन्हें गिराने के निर्देश दिए थे।




**तमसा संकेत, एजेंसी**

मुरादाबाद। रामपुर की मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी पर कोर्ट में केस रहने तक बुलडोजर नहीं चलेगा। यूनिवर्सिटी की 38 इमारतों को गिराने के डीएम रामपुर के आदेश पर सोमवार को मुरादाबाद कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह की अदालत ने अस्थायी रोक लगा दी।

डीएम के आदेश के खिलाफ जौहर अली ट्रस्ट के अधिवक्ता जुनैद एजाज ने कमिश्नर मुरादाबाद की कोर्ट में अपील दाखिल की थी। इसमें ध्वस्तीकरण आदेश को निरस्त करने की मांग की थी, जिसे कमिश्नर ने स्वीकार कर लिया है। वहीं आदेश दिया कि कोर्ट में केस चलने तक यूनवर्सिटी पर बुलडोजर कार्रवाई नहीं होगी।

इससे पहले 27 जुलाई को कमिश्नर ने ध्वस्तीकरण आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी थी। उसी समय 3 अगस्त को अगली सुनवाई की तारीख तय की गई थी। प्राधिकरण का कहना है कि जौहर ट्रस्ट ने केवल दो इमारतों का मानचित्र स्वीकृत कराया था, जबकि बाकी 38 इमारतों के निर्माण के लिए मानचित्र पास नहीं कराए थे। चूंकि यूनिवर्सिटी का परिसर रामपुर विकास प्राधिकरण क्षेत्र में आता है, इसलिए निर्माण कार्यों पर प्राधिकरण के नियम लागू होते हैं।



**जौहर ट्रस्ट ने आदेश को दी चुनौती**

अधिवक्ता जुनैद एजाज ने बताया- सोमवार को इस बात पर सुनवाई हुई कि ट्रस्ट की अपील को औपचारिक रूप से स्वीकार किया जाए या नहीं। फिलहाल कमिश्नर का अंतरिम स्टे प्रभावी है और जौहर यूनिवर्सिटी की 38 इमारतों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई रोक दी गई है।

### यति नरसिंहानंद बोले- ज्यादा बच्चे पैदा करने पर सनातन धर्म बचेगा, नहीं तो पूजा भी बेकार

# 'एक बेटे को जन्म देने वाली हिन्दू मां नागिन'

**तमसा संकेत, एजेंसी**



गाजियाबाद। शिवशक्ति धाम डासना, गाजियाबाद के पीठाधीश्वर और श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद ने फिर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हिंदू महिलाओं को अधिक से अधिक बच्चे पैदा करने होंगे, तभी सनातन धर्म बचा रहेगा। नहीं तो यह पूजा भी बेकार है। ग्रेटर नोएडा में श्री शक्ति मंदिर मां बगलामुखी पीतांबरा पीठ में महायज्ञ के दौरान उन्होंने यह बयान दिया। महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी घूम-घूम कर सनातन धर्म की रक्षा, हिंदू समाज की रक्षा और सनातन धर्म के शत्रुओं के समूल विनाश के लिए मां बगलामुखी और महादेव का महायज्ञ आयोजित करते हैं। महायज्ञ की पूर्णाहुति से पूर्व पुरोहित आचार्य सनोज शास्त्री तथा अन्य विद्वान पंडितों द्वारा विधिवत मां बगलामुखी और महादेव की पूजा-अर्चना की गई। महायज्ञ स्थल पर महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने सभी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे अपने जीवन में मां बगलामुखी की साधना और महादेव की भक्ति को अपनाएं। मां बगलामुखी और महादेव की कृपा से उनके जीवन के सभी कार्य बिना किसी विघ्न-बाधा के पूर्ण होंगे और वे धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों पुरुषार्थों को साध सकेंगे। साथ ही मां बगलामुखी और महादेव की शरण में जाने से उन्हें सद्बुद्धि प्राप्त होगी, अपना करणीय कर्तव्य और अकरणीय कर्मों का ज्ञान होगा। मां बगलामुखी और महादेव की कृपा से भक्ति, सद्बुद्धि, ज्ञान, शक्ति, ऐश्वर्य, संपन्नता, स्वास्थ्य, पौरुष, पुरुषार्थ और पराक्रम की प्राप्ति होगी। जिससे हमारे धर्म, हमारे परिवार और हमारे अस्तित्व की रक्षा होगी। उन्होंने यह भी कहा कि अब तो हममें से प्रत्येक को अपने धर्म, अपने परिवार और अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए जुट होना चाहिए।

**हर हिंदू पांच बच्चे पैदा करे**

उन्होंने कहा, आज हमारी रक्षा के लिए कोई नेता, कोई धर्मगुरु, कोई संगठन, कोई सेना और कोई पुलिस नहीं है। जहां भी मुस्लिम वर्चस्व बढ़ता है, वहां थोड़े समय में हिंदुओं का पूरी तरह सफाया हो जाता है। ऐसे में हिंदुओं को अपनी घटती हुई जनसंख्या पर बहुत ध्यान देने की जरूरत है। यदि ये देश हिंदू बाहुल्य नहीं रहा तो ना तो ये देश धर्म निरपेक्ष रहेगा और ना ही लोकतांत्रिक रहेगा। इसे हिंदू बाहुल्य बनाए रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है। इसीलिए आज हर हिंदू को कम से कम चार या पांच बच्चे अवश्य ही पैदा करने चाहिए। आज जो महिला एक पुत्र पैदा करती है उसे मां नहीं बल्कि नागिन समझा जाना चाहिए, क्योंकि भविष्य में उनके बच्चे के साथ जो होगा, उसकी जिम्मेदारी उस महिला पर ही होगी।

# महिला डॉक्टर ने 5वीं मंजिल से कूदकर जान दी

### 18 महीने पहले पति से हुआ था तलाक, पिता बोले- डिप्रेशन में थी

**तमसा संकेत, एजेंसी**




गाजियाबद । गाजियाबाद में रविवार शाम करीब 7 बजे महिला डॉक्टर ने पांचवीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। नीचे गिरने से उनके सिर में गंभीर चोट आई। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के मुताबिक, महिला का करीब 18 महीने पहले पति से तलाक हुआ था। इसके बाद से वह डिप्रेशन में थीं। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना थाना नंदग्राम के राजनगर एक्सटेंशन की है।

डॉ. हमीका अग्रवाल (40) राजनगर एक्सटेंशन के ऑफिसर सिटी-2 सोसाइटी में अकेले रहती थीं। वह पेशे से मनोचिकित्सक (साइकेट्रिस्ट) थीं। लोगों की काउंसलिंग करती थीं। उनका गाजियाबाद बस स्टैंड के पास क्लिनिक था। उनके पिता डॉ. आर. चंद्रा भी मनोचिकित्सक हैं, जो राजनगर एक्सटेंशन की एक अलग सोसाइटी में रहते हैं। डॉ. आर. चंद्रा ने बताया- करीब डेढ़ साल पहले बेटी का अपने पति से तलाक हो गया था। इसके बाद से वह डिप्रेशन में थी। उसका इलाज चल रहा था। रविवार शाम में 5वीं मंजिल से छलांग लगा दी। सोसाइटी के एक युवक ने अपनी कार से उसे तुरंत यशोदा अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन ने बताया- शुरुआती जांच में सामने आया है कि डॉ. हमीका अग्रवाल अपने फ्लैट में अकेली रहती थीं। उनके माता-पिता दूसरी जगह रहते हैं। परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### दतिया विधानसभा...

प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व और पार्टी के चुनावी प्रबंधन की भी इस चुनाव के ज़रिए परीक्षा मानी जा रही थी.

कांग्रेस के लिए भी यह उपचुनाव काफ़ी अहम था. पार्टी पिछले लगभग एक वर्ष से संगठन को मज़बूत करने और नए नेतृत्व को आगे बढ़ाने पर ज़ोर दे रही है.

कांग्रेस की ओर से घनश्याम सिंह को चुनाव लड़ाया गया. आजाद समाज पार्टी ने दामोदर सिंह यादव को मैदान में उतारकर मुक़ाबले को त्रिकोणीय बनाने का प्रयास किया. मगर मुख्य लड़ाई बीजेपी और कांग्रेस के बीच थी.

### मांजलपुर विधानसभा...

योगेश पटेल गुजरात की राजनीति के प्रमुख नेताओं में गिने जाते थे. वे आठ बार विधायक चुने गए.

उन्होंने 1990 से 2007 तक पांच बार वडोदरा की रावपुरा सीट का प्रतिनिधित्व किया. परिसीमन के बाद वे मांजलपुर सीट से चुनाव मैदान में उतरे और 2012, 2017, 2022 में लगातार जीत दर्ज की.

इस तरह उन्होंने 36 वर्षों के राजनीतिक सफर में विधानसभा चुनावों में लगातार आठ जीत हासिल कीं.

कांग्रेस ने इस उपचुनाव को इस सीट पर लंबे समय से चली आ रही बीजेपी की पकड़ को तोड़ने के मौक़े के रूप में इस्तेमाल करने की कोशिश की थी.

### बांकीपुर के बॉस...

इधर, MP के दतिया में कांग्रेस उम्मीदवार घनश्याम सिंह ने 6,016 वोटों से जीत दर्ज की। भाजपा ने यहां पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा का टिकट काटकर आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार बनाया था। आशुतोष नरोत्तम मिश्रा के पोलिंग बूथ पर भी नहीं जीत पाए।

गुजरात के मांजलपुर में भाजपा के सतेन्द्रभाई (सतीश) पटेल ने 30630 वोटों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। उन्होंने कांग्रेस के भिखाभाई रबारी को हराया। तीनों सीटों पर 30 जुलाई को वोटिंग हुई थी।

जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर ने बांकीपुर उपचुनाव में 64,151 वोट (49.23%) हासिल कर जीत दर्ज की। भाजपा के नीरज कुमार को 44,827 वोट (34.40%) मिले। दोनों के बीच जीत का अंतर 19,324 वोट रहा।

राजद की रेखा कुमारी 14,273 वोट (10.95%) के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। भाजपा और राजद को मिलाकर 59,100 वोट मिले, जो अकेले प्रशांत किशोर के वोटों से 5,051 कम हैं। यह उनकी मजबूत बढ़त को दिखाता है।

चुनाव में कुल 1,30,313 वोट पड़े। इनमें से लगभग हर दूसरा वोट प्रशांत किशोर के पक्ष में गया। NOTA को 646 वोट (0.50%) मिले। वहीं, शीर्ष तीन उम्मीदवारों के बाद कोई भी प्रत्याशी 1,000 वोट तक नहीं पहुंच सका। चौथे स्थान पर रहे मनोरंजन कुमार श्रीवास्तव को 973 वोट (0.75%) मिले।

कांग्रेस के घनश्याम सिंह ने दतिया उपचुनाव में 66,757 वोट (42.39%) हासिल कर जीत दर्ज की। भाजपा के आशुतोष तिवारी को 60,741 वोट (38.57%) मिले। दोनों के बीच जीत का अंतर 6,016 वोट रहा।

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी...

विपक्ष ने छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह के सदन आने और उनके बयान की मांग करते हुए नारे लगाए।

संसद के मौजूदा सत्र में 8 बिल लिस्ट किए गए हैं। इनमें से वंदे मातरम और पब्लिक एग्जामिनेशन संशोधन बिल (पेपर लीक) दोनों सदनों में पास हो चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट (जजों की संख्या) संशोधन बिल लोकसभा में और MSME विकास (संशोधन) बिल राज्यसभा में पास हुआ है।

जन्म-मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) बिल, आयकर (संशोधन) बिल,, विदेशी अंशदान (FCRA) संशोधन बिल और विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान बिल को संसद की मंजूरी मिलनी बाकी है।

### महिला पहलवान यौन...

हाईकोर्ट में फैसले को चुनौती देंगे। यौन शोषण का यह मामला जनवरी 2023 में सामने आया था।

विनेश फोगाट, साक्षी मलिक समेत कई पहलवानों ने बृजभूषण के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना दिया था। बृजभूषण तब WFI प्रेसिडेंट थे।

आरोप था कि नाबालिग समेत 6 महिला पहलवानों ने बृजभूषण के खिलाफ शिकायत की थी, इसमें एक नाबालिग थी। लेकिन कोई FIR दर्ज नहीं हुई। सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद अप्रैल 2023 में FIR दर्ज की गई। बाद में नाबालिग पहलवान ने शिकायत वापस ले ली थी। कोर्ट से बरी का मतलब है कि कोर्ट में अभियुक्त के खिलाफ आरोप साबित नहीं हो पाए, इसलिए उसे सजा नहीं दी गई। इसका यह मतलब नहीं होता कि वह दोषमुक्त हो गया है।

### जंतर-मंतर प्रदर्शन...

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उन याचिकाओं पर सुनवाई की, जिनमें 20 जुलाई के संसद मार्च के दौरान पुलिस पर बर्बरता का आरोप लगाया गया है। वकील वृंदा ग्रोवर ने पूछा कि क्या प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज FIR वापस ली जाएंगी या रद्द की जाएंगी। इस पर मेहता ने कहा कि कानूनी तौर पर जो भी तरीका सही हो, सरकार अपने वादे पर कायम है।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि अगर कोई पुलिस अधिकारी जरूरत से ज्यादा बल का इस्तेमाल करता है, तो उसे बेवजह बचाया नहीं जाना चाहिए। और ऐसा भी नहीं होना चाहिए कि छात्र प्रदर्शन की आड़ में किसी कुख्यात अपराधी को बचाया जाए।

परीक्षाओं में गड़बड़ी और NEET पेपर लीक के खिलाफ कॉकरोच जनता पार्टी का विरोध प्रदर्शन 36 दिन तक चला था। 25 जुलाई को धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद यह प्रदर्शन खत्म कर दिया गया था। 28 जुलाई को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई भी सख्त कार्रवाई करने से रोक दिया था। कोर्ट ने यह भी कहा था कि 18 साल से कम उम्र वाले लोगों का कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं हो तो उन्हें रिहा कर दिया जाए।

### एक से डेढ़ सप्ताह में...

सीएम ने बड़ी घोषणा की कि सरकार एक-डेढ़ सप्ताह में आउटसोर्स कमीशन को लागू करने के साथ ही न्यूनतम मानदेय सुनिश्चित करने जा रही है। आंगनवाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं, रसोइयों व ग्राम चौकीदारों को भी उचित मानदेय प्राप्त हो और उनकी सेवाएं प्रदेश के हित को संवर्धित करने के लिए कार्य करें, इसके लिए अनुपूरक बजट का सहारा लिया गया है।

### पत्रकार पर मुकदमे...

बृजेंद्र वीर सिंह ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने की मांग करते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर मामले की पारदर्शी जांच शुरू नहीं होती है तो जिले के पत्रकार लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन करेंगे।

### भाजपा जनता का...

सपा प्रमुख ने कहा कि अब भाजपा के भीतर भी नेतृत्व को लेकर सवाल उठेंगे। उन्होंने दावा किया कि जिन नेताओं के नेतृत्व में पार्टी चुनावी सफलता हासिल नहीं कर सकी, उनके सामने जवाबदेही का संकट खड़ा होगा। उन्होंने कहा कि अब यह कहना मुश्किल होगा कि भाजपा में कभी इस्तीफे नहीं होते। अखिलेश यादव ने कहा कि यह परिणाम डबल इंजन सरकार की ₹डबल हार₹ का संकेत है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा की पारंपरिक और मजबूत मानी जाने वाली सीटों पर भी जनता ने बदलाव का संदेश दिया है। उनके मुताबिक आने वाले समय में भाजपा के लिए चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवार ढूंढ़ना भी चुनौती बन सकता है। अखिलेश यादव ने सभी विजयी उम्मीदवारों को बधाई देते हुए कहा कि जनता ने उन पर भरोसा जताया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी निर्वाचित प्रतिनिधि नई उम्मीदों पर खरा उतरेंगे तथा संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखते हुए जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करेंगे।

## गुलवीर को दो मेडल, लवलीना का पदक बिना खेले पक्का हुआ, भारत के सबसे भावुक पलों में से एक मीराबाई चानू का मेडल इवेंट रहा

# मीराबाई राष्ट्रगान सुन रो पड़ीं, नीरज को सिल्वर


मीराबाई चानू ने 48kg में गोल्ड जीता। मेडल इवेंट में वे रो पड़ीं।

**गर्व**

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत ने 39 मेडल जीतकर चौथा स्थान हासिल किया। वेटलिफ्टर मीराबाई चानू लगातार तीसरा गोल्ड जीतने के बाद राष्ट्रगान सुनकर रो पड़ीं।

जेवलिन में नीरज चोपड़ा को सिल्वर मिला। रनर गुलवीर सिंह ने ट्रैक एंड फील्ड में दो मेडल जीतकर इतिहास रचा। दूसरी ओर लवलीना बोरगोहेन का बॉक्सिंग में मेडल गेम्स शुरू होने से पहले ही पक्का हो गया। भारत के सबसे भावुक पलों में से एक मीराबाई चानू का मेडल इवेंट रहा। वेटलिफ्टिंग में गोल्ड जीतने के बाद जब राष्ट्रगान बजा तो हमेशा मुस्कुराती दिखने वाली मीराबाई रो पड़ीं। गुलवीर सिंह ने 10 हजार मीटर में सिल्वर और 5 हजार मीटर दौड़ में ब्रॉन्ज जीतकर भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा दिया। ऐसा पहली बार हुआ कि किसी भारतीय ने ट्रैक एंड फील्ड में दो मेडल जीते।

कॉमनवेल्थ गेम्स से पहले ही महिला 75 किलो वर्ग में सिर्फ पांच मुक्केबाज थीं। ऐसे में लवलीना बोरगेहेन सीधे सेमीफाइनल में पहुंच गईं और उनका मेडल पक्का हो गया।

> त्रिपुरा की अस्मिता डे ने भारत को कॉमनवेल्थ इतिहास का पहला जूडो गोल्ड दिलाया। फाइनल में पिछड़ने के बाद उन्होंने शानदार वापसी की। आर्थिक संघर्षों से निकलकर गोल्ड जीतने वाली अस्मिता ग्लासगो की सबसे इंस्पायर कहानियों में शामिल रहीं।

उन्होंने सिर्फ दो मुकाबले खेले। एक जीता और एक हारा, लेकिन सिल्वर अपने नाम कर लिया। यह भारत के सबसे अनोखे मेडल्स में से एक रहा।

ट्रिपल जम्पर प्रवीण चित्रावेल 2022 में सिर्फ 3 सेंटीमीटर से मेडल से चूक गए थे। इस बार उन्होंने 16.58 मीटर की छलांग लगाकर सिल्वर जीत लिया और चार साल पुराना हिसाब बराबर कर दिया। भारत की 6 में से पांच महिला बॉक्सर गोल्ड जीतने में सफल रहीं। साक्षी चौधरी, प्रीति पवार, जैस्मिन लांबोरिया, प्रिया घंघास और अरुंधति चौधरी ने मेडल जीते। ऐसा पहली बार हुआ जब एक ही कॉमनवेल्थ में 5 बॉक्सर को मेडल मिले। मेंस और विमेंस मिलाकर 10 मुक्केबाजों ने फाइनल खेला। 7 को गोल्ड, 3 ने सिल्वर जीता।

### तेजस्विन शंकर ने चोट में भी रचा इतिहास

तेजस्विन शंकर ने डेकाथलन में भारत का पहला कॉमनवेल्थ मेडल जीता। उन्होंने चोटिल घुटने के बावजूद 10 इवेंट्स में हिस्सा लिया। कुछ मौकों पर उन्होंने कोचिंग का काम भी किया। वे साथी खिलाड़ियों को सलाह देते भी नजर आए।

### नीरज से ज्यादा चर्चा यशवीर की हुई

जैवलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा ने सिल्वर मेडल जीता, लेकिन सबसे बड़ा सरप्राइज यशवीर सिंह रहे। आखिरी थ्रो से पहले वे आठवें स्थान पर थे। छठे थ्रो में उन्होंने 85.41 मीटर का पर्सनल बेस्ट प्रदर्शन किया और ब्रॉन्ज जीत लिया।

# जो कोई नहीं कर सका वो काम कर गए राशिद खान



नई दिल्ली। राशिद खान अपनी फिरकी से पूरी दुनिया के मैदानों पर जलवा दिखा चुके हैं। जिस इंग्लैंड में तेज गेंदबाजों का बोलबाला रहता है वहां भी राशिद की फिरकी के आगे बल्लेबाज नाचते हैं। ये उन्होंने एक बार फिर साबित किया है। मामला है इंग्लैंड की लीग द हंड्रेड का जिसमें अफगानिस्तान का ये स्पिनर एमआई लंदन से खेल रहा है और ऐसा काम कर गया है जो आसान नहीं होता है।

एमआई लंदन का सामना सुपर जायंट्स से था। लंदन ने ये मैच 45 रनों से जीत लिया और इसमें मुख्य किरदार निभाया राशिद खान ने। राशिद ने इस मैच में पांच विकेट लिए जिसके कारण सुपर जायंट्स की टीम लंदन द्वारा रखे गए 184 रनों के टारगेट के सामने 138 रनों पर ढेर हो गई।

राशिद ने 20 गेंदें फेंकी और 17 रन देकर पांच विकेट लिए। इसमें से नौ गेंदों पर उन्होंने एक भी रन नहीं दिया। राशिद ने ही सुपर जायंट्स के विकेट गिराने की शुरुआत की। उन्होंने सबसे पहले सलामी बल्लेबाज टिम सेफर्ट को आउट किया जो 12 गेंदों पर 17 रन बना पाए। तूफानी बल्लेबाज जोस बटलर (2) उनका अगला शिकार बने और इसी के साथ सुपर जायंट्स ने अपना दूसरा विकेट खो दिया।

एडेन मार्करम की अर्धशतकीय पारी पर ब्रेक नाथन सोवटर ने लगाया। मार्करम ने 26 गेंदों पर सात चौके और एक छक्के की मदद से 50 रन बनाए। राशिद ने फिर खतरनाक हेनरिक क्लासेन (13) को अपना तीसरा शिकार बनाते हुए लंदन को चौथी सफलता दिलाई। उनके बाद टॉम मूरस को राशिद ने खाता तक नहीं खोलने दिया।

# ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम का भारत दौरा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



**भारतीय मूल के नील पटेल को 16 सदस्यीय टीम में मिली जगह**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अगले महीने होने वाले भारत दौरे के लिए 16 सदस्यीय अंडर-19 पुरुष टीम का ऐलान कर दिया है। इस टीम में भारतीय मूल के न्यू साउथ वेल्स के खिलाड़ी नील पटेल को भी शामिल किया गया है। यह टीम भारत के खिलाफ राजकोट और अहमदाबाद में पांच मैचों की मल्टी-फॉर्मेट सीरीज खेलेगी।

न्यू साउथ वेल्स के रहने वाले नील पटेल यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स क्रिकेट क्लब से खेलते हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के उभरते युवा खिलाड़ियों में गिना जाता है।

यह दौरा चार सप्ताह तक चलेगा। इसमें ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत के खिलाफ तीन 50-ओवर के मैच और दो चार-दिवसीय मैच खेलेगी।

ये मुकाबले 13 सितंबर से 9 अक्टूबर 2026 के बीच राजकोट और अहमदाबाद में आयोजित किए जाएंगे। इस टीम का चयन यूथ नेशनल सिलेक्शन पैनल ने किया है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के सबसे होनहार युवा खिलाड़ियों को जगह दी गई है।

ऑस्ट्रेलियाई टीम के हेड कोच पूर्व क्रिकेटर टिम नील्सन होंगे। नील्सन फिलहाल डार्विन में बांग्लादेश के खिलाफ क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इलेवन प्रोग्राम की देखरेख कर रहे हैं।

### पाकिस्तानी स्पिनरों को बेबस कर वेस्टइंडीज ने दिखाया असली दम

नई दिल्ली। क्वींस पार्क ओवल की स्पिनरों की मददगार पिच पर अपने गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान को लगा था कि वह दूसरे टेस्ट मैच में मेजबान वेस्टइंडीज पर हावी हो जाएगा। उसके ये अरमान तब ठंडे पड़ गए जब मेजबान टीम ने अपनी अंत तक लड़ने की जिद का प्रदर्शन किया और पहले दिन का अंत पाकिस्तान पर दबाव बनाते हुए किया।

वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने पाकिस्तान के स्पिनरों को आसानी से खेला और छोटी-छोटी लेकिन ऐसी अहम साझेदारियां निभाईं जिससे पाकिस्तान टीम परेशान हो गई और वेस्टइंडीज ने दिन का अंत पांच विकेट के नुकसान पर 239 रनों के साथ किया। दिखने में ये ज्यादा मजबूत स्कोर नहीं लग रहा हो, लेकिन हालात के हिसाब से वेस्टइंडीज इस स्कोर के बाद पाकिस्तान पर मजबूत दबाव बना चुका है।

## बुमराह की जगह श्रीलंका दौरे पर जाएंगे, टीम इंडिया में आने वाले जम्मू-कश्मीर के तीसरे प्लेयर

# आकिब नबी पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में

**बदलाव**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में बड़ा बदलाव हुआ है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जगह आकिब नबी को टीम में शामिल किया गया है। नबी टीम इंडिया में चुने जाने वाले जम्मू-कश्मीर के सिर्फ तीसरे क्रिकेटर हैं। श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज 15 अगस्त से गॉल में शुरू होगी।

जसप्रीत बुमराह रविवार को टीम इंडिया से बाहर हो गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वे घुटने की चोट से नहीं उबर पाए हैं। टीम मैनेजमेंट और BCCI ने उनके लंबे करियर को देखते हुए कोई जोखिम नहीं लेने का फैसला किया है।

### नबी टेस्ट टीम में चुने जाने वाले जम्मू-कश्मीर के पहले क्रिकेटर

23 साल के आकिब नबी ने रणजी ट्रॉफी 2025-26 में शानदार प्रदर्शन किया था। अब उन्हें भारतीय टेस्ट टीम में मौका मिला है। वे टेस्ट टीम में चुने जाने वाले जम्मू कश्मीर के पहले क्रिकेटर हैं। वैसे, यहां के परवेज रसूल और उमरान मलिक भी भारतीय टीम में चुने जा चुके हैं लेकिन उन्हें सिर्फ वनडे और टी20 टीम में मौका मिला है।

29 साल आकिब ने 2025-26 रणजी ट्राफी में मात्र 10 मैचों में 60 विकेट लिए, जिनमें सात बार पांच विकेट लेने का कारनामा शामिल है। पिछले दो रणजी सीजन में आकिब नबी ने कुल 104 विकेट लिए हैं। इनमें 2025-26 में 60 और पिछले सीजन में 44 विकेट शामिल हैं। इन आंकड़ों ने आकिब नबी का लाल गेंद क्रिकेट में देश के सबसे प्रभावशाली गेंदबाजों में शुमार कर दिया है।



### शुभमन गिल के नेतृत्व में उतरेगी टीम

श्रीलंका दौरे पर भारतीय टेस्ट टीम की कमान शुभमन गिल संभालेंगे। केएल राहुल उपकप्तान होंगे। विकेटकीपर के रूप में ऋषभ पंत और ध्रुव जुरेल टीम का हिस्सा हैं। भारतीय टीम के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचने के लिहाज से यह सीरीज जीतनी जरूरी है। भारत को साउथ अफ्रीका के खिलाफ पिछली घरेलू टेस्ट सीरीज में 0-2 से हार मिली थी।

आकिब का नाकआउट मुकाबलों में प्रदर्शन विशेष रूप से शानदार रहा। आकिब ने क्वार्टरफाइनल में मध्य प्रदेश, सेमीफाइनल में बंगाल और फाइनल में कर्नाटक के विरुद्ध निर्णायक गेंदबाजी की। इन प्रदर्शनों ने न केवल जम्मू-कश्मीर को पहली बार रणजी ट्राफी का खिताब दिलाया बल्कि दबाव में उनके

> बीसीसीआई ने टीम में बदलाव की पुष्टि की है। हालांकि, बोर्ड ने बुमराह को टीम से बाहर करने या आकिब नबी को शामिल करने का कारण नहीं बताया है।

> आकिब नबी हाल ही में इंडिया ए टीम के साथ श्रीलंका दौरे पर भी गए थे। वहां उन्होंने दो प्रथम श्रेणी मैचों में छह विकेट लिए थे।

## मनोरंजन

# अक्षय कुमार की कॉमेडी फिल्म से आगे निकल गई धमाल 4

### कमाई में धमाल मचा रही है कॉमेडी मूवी, अक्षय कुमार की फिल्म रह गई पीछे





नई दिल्ली। धमाल 4 इस वक्त सिनेमाघरों में अंतिम समय गुजार रही है। अब तक इस मूवी ने अपनी शानदार कहानी के दम पर दर्शकों का दिल जीता है और उनका भरपूर मनोरंजन किया है। जिसकी बदौलत कमाई के मामले में भी बॉक्स ऑफिस पर धमाल 4 (Dhamaal 4) सफल रही है। अब रिलीज के 24वें दिन धमाल 4 ने सुपरस्टार अक्षय कुमार की एक सुपरहिट कॉमेडी फिल्म को पछाड़ दिया है। ऐसे में आइए जानते हैं कि धमाल 4 ने कौन सी मूवी का रिकॉर्ड तोड़ा है।

10 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली धमाल 4 के लिए ये सप्ताह थिएटर्स में आखिरी साबित हो सकता है। नई फिल्मों की रिलीज के बाद धमाल 4 की स्क्रीन्स घटती हुईं नजर आएंगी। लेकिन इससे पहले कमाई के मामले में धमाल 4 ने बॉक्स ऑफिस पर आखिरी दांव खेला है और बीते रविवार को जबरदस्त कारोबार किया है।

## रिलीज से पहले हमें फिल्म दिखाएं, विवादित सीन न हटाने पर सिनेमाघरों के बाहर होगा प्रदर्शन

# रणबीर की 'रामायण' के मेकर्स को रामलीला महासंघ की चेतावनी




नई दिल्ली। रणबीर कपूर, सनी देओल और यश स्टारर फिल्म 'रामायण' को लेकर विवाद शुरू हो गया है। श्री रामलीला महासंघ ने फिल्म के डायरेक्टर नितेश तिवारी और प्रोडक्शन कंपनी को एक पत्र लिखकर चेतावनी दी है। महासंघ के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने मांग की है कि इस दिवाली पर देश-विदेश में रिलीज होने से पहले यह फिल्म उनके प्रतिनिधिमंडल को दिखाई जाए। महासंघ का कहना है कि उन्हें मिली जानकारी के मुताबिक फिल्म में ऐसे कई सीन हो सकते हैं, जो हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचा सकते हैं। अगर विवादित सीन नहीं हटाए गए तो सिनेमाघरों के बाहर प्रदर्शन किया जाएगा। हालांकि अब तक डायरेक्टर नितेश तिवारी या फिल्म के प्रोडक्शन हाउस की तरफ से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

फिल्म 'रामायण' में बॉलीवुड और साउथ सिनेमा के बड़े कलाकार एक साथ नजर आने वाले हैं।

### रिलीज से पहले स्पेशल स्क्रीनिंग की मांग

श्री रामलीला महासंघ के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने पत्र में कहा कि फिल्म को सिनेमाघरों में उतारने से पहले एक विशेष शो में महासंघ को दिखाया जाए। महासंघ यह तय करना चाहता है कि फिल्म में भगवान राम, रामायण के पात्रों या सनातन धर्म से जुड़ा कोई गलत चित्रण या संवाद तो नहीं है। अर्जुन कुमार ने चेतावनी दी है कि मेकर्स ने उनकी मांग नहीं मानी, तो दिल्ली समेत देश के अन्य राज्यों में सिनेमाघरों के बाहर हिंदू संगठनों के साथ मिलकर हजारों कार्यकर्ता विरोध-प्रदर्शन और धरना देंगे।



### 'आदिपुरुष' गलत चित्रण से फ्लॉप हुई थी फिल्म

महासंघ ने अपने पत्र में साल 2023 में आई फिल्म 'आदिपुरुष' का उदाहरण दिया है। अर्जुन कुमार ने याद दिलाया कि भूषण कुमार के प्रोडक्शन और प्रभास-सैफ अली खान स्टारर इस फिल्म के कई दृश्यों पर सनातन समाज और रामलीला से जुड़े लोगों ने कड़ा विरोध जताया था। उस फिल्म में सोने की लंका को काला दिखाया गया था और महाज्ञानी रावण व उसकी सेना का चित्रण मंगोल लुटेरों की तरह किया गया था। इस भारी विरोध के कारण करोड़ों के बजट में बनी वह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी।

## घरेलू हिंसा की शिकायत दर्ज, सास पर जेवर न लौटाने के आरोप, विवादों में रही शादी

# टीवी एक्ट्रेस अदिति शर्मा के साथ पति ने की मारपीट


अदिति शर्मा ने नवंबर 2024 में सीक्रेट शादी की थी।

नई दिल्ली। टीवी शो अपोलीना-सपनों की उड़ान एक्ट्रेस अदिति शर्मा ने हाल ही में पति और ससुराल वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। गोरेगांव पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत में एक्ट्रेस ने पति पर मारपीट, घरेलू हिंसा, चरित्र पर सवाल उठाने जैसे कई आरोप लगाए हैं। उन्होंने शिकायत पति अभिनीत विद्यानंद कौशिक, सास उर्मिला कौशिक और नंद कीर्ति कौशिक का नाम भी शिकायत में लिखवाया है।

मुंबई के गोरेगांव पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत के अनुसार, अदिति शर्मा जून 2021 में एक ऑनलाइन एक्टिंग क्लास में अभिनीत से मिली थीं। दोनों की दोस्ती हुई और कुछ समय बाद दोनों रिलेशनशिप में आ गए। 3 सालों तक डेट करने के बाद उन्होंने 12 नवंबर 2024 में परिवार की रजामंदी से अभिनीत से शादी की। शादी से पहले ही दोनों सितंबर 2024 से गोरेगांव के एक फ्लैट में साथ रह रहे थे। अदिति के अनुसार, शादी के कुछ समय बाद ही अभिनीत का व्यवहार बदल गया। पति उनके कपड़ों और छोटी-छोटी बातों पर उनसे झगड़ने लगे। एक्ट्रेस ने दावा किया है कि वो खुद घर का पूरा खर्च उठाती थीं, इसके बावजूद पति बार-बार उनसे पैसे मांगते थे। 1 जनवरी 2025 में कॉफी पर दोनों का झगड़ा हुआ, जिस समय अभिनीत ने एक्ट्रेस को गालियां देना शुरू कर दिया और उनके कैरेक्टर पर सवाल उठाने लगे। अदिति ने आरोप लगाया है कि पति उन पर बार-बार दूसरे पुरुषों से संबंध होने का आरोप लगाते थे और उनका मोबाइल चेक करते थे।

### आरोप- अदिति को एक्टर के साथ रंगे हाथों पकड़ा

बातचीत में अभिनीत के लीगल एडवाइजर राकेश शेट्टी ने बताया है कि एक बार अभिनीत ने अदिति को सामर्थ गुप्ता (अपोलीना को-स्टार) के साथ घर में रंगे हाथ पकड़ा था।

एक बार अभिनीत पुणे गए थे, तब अदिति ने समर्थ को घर बुलाया था। बिल्डिंग में म्यूचल फ्रैंड्स ने जब इसकी जानकारी दी, तब अभिनीत लौटा। इसके बाद पुलिस बुलाई गई थी। जब बाद में अदिति के पेरेंट्स को बुलाया गया तो अदिति ने कहा कि उनकी शादी मान्य नहीं है। ये एक मॉक ट्रायल था।

### पति ने लगाए थे को-स्टार से अफेयर के आरोप

अदिति द्वारा शिकायत दर्ज करवाए जाने से पहले उनके पति अभिनीत ने को-स्टार सामर्थ से अफेयर के आरोप लगाए थे। 2025 में अभिनीत कौशिक ने भी इंडिया फोरम से बातचीत में कहा था, अदिति के सभी करीबी हमारे बारे में जानते थे। मैं उसके मैनेजर की तरह रहता था, लेकिन मैं अब वाकई उसका सारा काम संभालता हूं। वो शादी के लिए डेढ़ साल से मेरे पीछे पड़ी थी। मैं उससे कहता था कि मैं इसके लिए तैयार नहीं हूं। शुरुआत में मैं शादी के लिए एक्साइटेड था, लेकिन समय के साथ चीजें बदल गई थीं। डेढ़ साल बाद वो दबाव बनाने लगी और हमने नवंबर 2024 में शादी कर ली।



ट्रम्प बोले कि वह सैन्य कार्रवाई के बजाय बातचीत के जरिए समाधान चाहते हैं, आज से फिर होगी बातचीत

# ईरान पर फिर हमला कर सकता हूं : ट्रम्प

चर्चा

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका जरूरत पड़ने पर ईरान पर फिर हमला कर सकता है, लेकिन वह सैन्य कार्रवाई के बजाय बातचीत के जरिए समाधान चाहते हैं।

एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रम्प ने कहा, “हम जब चाहें कार्रवाई कर सकते हैं, लेकिन मैं लोगों को मारना नहीं चाहता। अगर समझौता हो जाता है तो बहुत-सी जानें बच जाएंगी।”

उन्होंने बताया कि सोमवार से अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थों के जरिए अप्रत्यक्ष बातचीत शुरू होगी। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि वार्ता कहां होगी और



इसमें कौन शामिल होगा। उनके मुताबिक, वार्ता में होर्मुज स्ट्रेट और ईरान के परमाणु कार्यक्रम जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा होगी।

OPEC+ के सात प्रमुख सदस्य देशों ने सितंबर से तेल उत्पादन बढ़ाने का फैसला किया है। सऊदी अरब, रूस, इराक, कुवैत, कजाकिस्तान, अल्जीरिया और ओमान ने सितंबर से रोजाना 1.88 लाख बैरल अतिरिक्त तेल उत्पादन पर सहमति जताई है। OPEC+ ने कहा कि यह फैसला वैश्विक तेल बाजार में संतुलन बनाए रखने के लिए लिया गया है। इसके साथ ही 2023 में लागू 16.5 लाख बैरल प्रतिदिन की स्वैच्छिक उत्पादन कटौती पूरी तरह खत्म हो जाएगी। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि अमेरिकी सेना ईरान के खिलाफ कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा कि ‘पेंटागन पूरी तरह तैयार है और हर समय कार्रवाई के लिए 'लॉक्ड एंड लोडेड' है।

> अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि दुनिया को तेल और गैस की सप्लाई के लिए सिर्फ होर्मुज स्ट्रेट पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। इसके लिए वैकल्पिक समुद्री मार्ग विकसित करने होंगे, हालांकि एक्सपर्ट्स इसे आसान नहीं मानते।

### रिपोर्ट- अमेरिका ने ईरान केश्म द्वीप पर 2,000 पाउंड का बम गिराया

अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स (NYT) ने दावा किया है कि अमेरिका ने ईरान के केश्म द्वीप पर हमले में 2,000 पाउंड का मार्क-84 बम इस्तेमाल किया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वीडियो, तस्वीरों, सैटेलाइट इमेज और हथियार विशेषज्ञों के विश्लेषण से मिले सबूत इस बम के इस्तेमाल की ओर इशारा करते हैं। यह अमेरिकी सेना के सबसे बड़े पारंपरिक बमों में गिना जाता है।

### ईरान में भारत के नए राजदूत होंगे विश्वेश नेगी

भारत सरकार ने 2002 बैच के भारतीय विदेश सेवा (IFS) अधिकारी विश्वेश नेगी को ईरान में अगला भारतीय राजदूत नियुक्त किया है। वह फिलहाल विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं और जल्द ही तेहरान में कार्यभार संभालेंगे।

नेगी, मौजूदा भारतीय राजदूत रुद्र गौरव श्रेष्ठ की जगह लेंगे। श्रेष्ठ को तुर्किये में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विश्वेश नेगी 2002 बैच के भारतीय विदेश सेवा (IFS) अधिकारी हैं। उन्होंने विदेश मंत्रालय में ओशिनिया डिवीजन के संयुक्त सचिव के रूप में काम किया है। इसके अलावा रक्षा मंत्रालय में अंतरराष्ट्रीय रक्षा सहयोग और संयुक्त राष्ट्र के राजनीतिक मामलों से जुड़े दायित्व भी संभाल चुके हैं।



ईरान में भारत के नए राजदूत होंगे विश्वेश नेगी

भारत सरकार ने 2002 बैच के भारतीय विदेश सेवा (IFS) अधिकारी विश्वेश नेगी को ईरान में अगला भारतीय राजदूत नियुक्त किया है। वह फिलहाल विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं और जल्द ही तेहरान में कार्यभार संभालेंगे।

नेगी, मौजूदा भारतीय राजदूत रुद्र गौरव श्रेष्ठ की जगह लेंगे। श्रेष्ठ को तुर्किये में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है।

विश्वेश नेगी 2002 बैच के भारतीय विदेश सेवा (IFS) अधिकारी हैं। उन्होंने विदेश मंत्रालय में ओशिनिया डिवीजन के संयुक्त सचिव के रूप में काम किया है। इसके अलावा रक्षा मंत्रालय में अंतरराष्ट्रीय रक्षा सहयोग और संयुक्त राष्ट्र के राजनीतिक मामलों से जुड़े दायित्व भी संभाल चुके हैं।

फास्ट न्यूज

### 100 से ज्यादा कुत्ते, बिल्ली व घोड़ों को बचाया गया

बोर्डो (फ्रांस)। दक्षिण-पश्चिमी फ्रांस के गिरोंद क्षेत्र में लगी भीषण जंगल की आग ने हजारों लोगों को घर छोड़ने पर मजबूर कर दिया, लेकिन इस त्रासदी के बीच एक ऐसा मानवीय चेहरा भी सामने आया जिसने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा। धधकती आग, जहरीले धुएं और हर पल मंडराते खतरे के बावजूद स्वयंसेवकों ने अपनी जान की परवाह किए बिना पीछे छूट गए ।

### गलत भारतीय नक्शे पर बवाल

नई दिल्ली। स्कॉटलैंड स्थित भारतीय दूतावास ने ग्लासगो के एक रेस्तरां में भारत के गलत नक्शे के प्रदर्शन पर चिंता जताई है। दरअसल, यह मामला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने रेस्तरां के दौरे के दौरान उठाया। बोरगोहेन ने भारत के नक्शे में पूर्वोत्तर क्षेत्र को गलत तरीके से दिखाए जाने पर अपनी दुख व्यक्त की थी। दरअसल, यह नक्शा रेस्तरां की ब्रांडिंग का हिस्सा था। बोरगोहेन के वीडियो वायरल होने के तुरंत बाद, मिस्टर सिंह्स इंडिया नामक रेस्टोरेंट ने एक बयान जारी कर चिंता जताई। हालांकि, कुछ ही मिनटों बाद रेस्टोरेंट ने अपना इंस्टाग्राम पेज डिलीट कर दिया।

### एआई बच्चों की कर रहा निगरानी

नई दिल्ली। बच्चों की देखभाल के लिए इस्तेमाल होने वाले स्मार्ट बेबी मॉनिटर अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से तैयार किए जा रहे हैं। नैनिट, बेबीटेक समेत कई स्टार्टअप ऐसे सिस्टम विकसित कर रहे हैं, जो रात के दौरान बच्चे की नींद, सांस, करवट और गतिविधियों पर लगातार नजर रखते हैं। कंपनियां भविष्य में एआई के जरिए बच्चों की दिनभर की गतिविधियों, विकास और व्यवहार का भी डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने की दिशा में काम कर रही हैं।

## आज से आरबीआई एमपीसी की 3- दिन की मीटिंग

### रेपो रेट में बदलाव की संभावना कम

नई दिल्ली, एजेंसी

RBI की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की तीन दिन की मीटिंग आज सोमवार 3 अगस्त से शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि केंद्रीय बैंक रेपो रेट को बिना किसी बदलाव के स्थिर रख सकता है। महंगाई के रुख और वैश्विक अनिश्चितताओं को देखते हुए यह फैसला लिया जा सकता है।

रिजर्व बैंक ने नए वित्त वर्ष की दूसरी मीटिंग जून में की थी। इसमें रेपो रेट को 5.25% पर बरकरार रखा था। हालांकि 2027 में महंगाई के अनुमान को 4.6% से बढ़ाकर 5.1% कर दिया था। इस वित्तीय वर्ष में कुल 6 बैठकें होनी हैं, ये इस वित्त वर्ष की तीसरी मीटिंग है। पहली बैठक अप्रैल में हुई थी।

विशेषज्ञों का कहना है कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के सख्त



रुख के बावजूद RBI अभी ब्याज दरों में कोई बदलाव करने की जल्दबाजी नहीं करेगा। केंद्रीय बैंक का पूरा ध्यान घरेलू महंगाई, लिक्विडिटी और आर्थिक विकास पर रहने की उम्मीद है।

इक्विरस सिक्योरिटीज के रिसर्च हेड मौलिक पटेल ने भी दरों में बदलाव न होने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी और मौसम की मार के कारण थोक और खुदरा महंगाई में तेजी देखी जा रही है। इन दबावों के चलते पूरे साल के लिए सीपीआई (CPI) 4.9 फीसदी रहने का अनुमान है।

8 पुलिसकर्मियों समेत 14 की मौत, खैबर पख्तूनख्वा में युवक ने थाने में जाकर ब्लास्ट किया, 22 लोग घायल

# पाकिस्तान में आत्मघाती हमला

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले में रविवार को एक पुलिस स्टेशन के बाहर आत्मघाती हमला हुआ। इसमें 8 पुलिसकर्मी समेत 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 22 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक, हमले के समय पास के काबल चौक पर आतंकवाद के खिलाफ शांति रैली चल रही थी। स्वात के जिला पुलिस अधिकारी उमर खान के ने बताया कि इसी दौरान एक युवक काबल पुलिस स्टेशन के गेट पर पहुंचा।

पुलिस वालों ने उसे रोककर तलाशी लेने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं रुका। इससे पहले पुलिस हरकत में आती, युवक को खुद को ब्लास्ट कर दिया। फिलहाल किसी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस हाई अलर्ट पर है। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को सील कर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने धमाके में लोगों की मौत पर दुख जताया। राष्ट्रपति कार्यालय के मुताबिक, उन्होंने पूरे मामले की विस्तृत जांच कराने के निर्देश दिए।





### लोग आतंकवाद के खिलाफ रैली निकाल रहे थे

धमाके से पहले रविवार को कई लोग आतंकवाद के खिलाफ शांति रैली निकाल जा रहे थे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने स्वात में बढ़ रही आतंकवादी घटनाओं की निंदा की। डॉन के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उनके आंदोलन का एक ही मकसद है, इलाके में शांति लौटाना और आतंकवाद का खात्मा करना। उन्होंने कहा कि यह सरकार की जिम्मेदारी है। अगर असुरक्षा का माहौल जारी रहा तो लोगों में बड़ा जनआक्रोश पैदा हो सकता है।

### खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री ने धमाके की निंदा की

खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी ने घटना की निंदा करते हुए पुलिस महानिरीक्षक (IGP) से रिपोर्ट की मांग की है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा,शांति के दुश्मनों को उनके नापाक इरादों में कभी कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। वहीं, खैबर पख्तूनख्वा के गवर्नर फैसल करीम कुंडी ने भी धमाके की निंदा करते हुए मृतकों के प्रति शोक जताया। उन्होंने कहा, 'आतंकी कायराना हमलों से देश का मनोबल नहीं तोड़ सकते।'


'एजेंट 47' के इशारे पर हो रहीं थी हत्याएं, पुलिस इसे वायलेंस-एज-ए-सर्विस यानी हिंसा को सेवा के रूप में बेचना बता रही

# गैंग सोशल मीडिया से टीनएजर्स को बना रहे भाड़े के कातिल

नई दिल्ली, एजेंसी

यूरोप में अब क्राइम गैंग सोशल मीडिया के जरिए टीनएजर्स को रिक्रूट करके उनसे पैसे के बदले मर्डर करवा रहे हैं। यह चेतावनी यूरोपोल ने दी है। पुलिस इसे वायलेंस-एज-ए-सर्विस यानी हिंसा को सेवा के रूप में बेचना बता रही है। इस रैकेट के पीछे मुख्य नाम स्वीडन का फॉक्सट्रॉट नेटवर्क है। पुलिस का मानना है कि ये गैंग 2022 से अब तक करीब 35 मर्डर के लिए जिम्मेदार है। गैंग पर यूरोप में इजरायली टारगेट पर हमले और ईरान सरकार से लिंक होने का भी आरोप है।

इस गैंग को रावा मजीद लीड करता है, जो स्वीडन से भागकर पहले तुर्की और अब तेहरान, ईरान में रह रहा है। UK सरकार ने 2025 में



मजीद और फॉक्सट्रॉट पर बैन लगाया था। यह गैंग युवाओं को सोशल मीडिया पर टारगेट करते हैं। उन्हें मोटे कैश का लालच देकर भाड़े का कातिल बनाते हैं। कई बार पेमेंट मिलती ही नहीं क्योंकि उन्हें तुरंत अरेस्ट कर लिया जाता है। इस साल 2 बड़े मामले सामने आए हैं। जोहान्स को जेनरेलेन नाम के 16 साल करे लड़के ने हायर किया, जो खुद एक चिल्ड्रन होम में रहता था। फिर एजेंट 47 यानी पॉपुलर वीडियो गेम के नाम से एक मेंबर ने उसकी मैनचेस्टर की वन-वे फ्लाइट और इमरजेंसी पासपोर्ट का इंतजाम किया। नैटलैंड को सिग्नल ऐप पर इंस्ट्रक्शन मिले। उसे मैप और वीडियो भेजे गए जिसमें बताया गया कि हडर्सफील्ड के पास जंगल में बंदूकें कहां हैं और कैश कहां छिपा है। हमले से पहले ही ब्रिटिश पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस का कहना है कि जेनरेलेन ने अजीमोव और दक्षिणी स्वीडन में एक और 17 साल के लड़के को भी रिक्रूट किया था।

यूरोपोल के यूरोपियन सीरियस एंड ऑर्डनाइज्ड क्राइम सेंटर के हेड एंडी क्रैग ने इसे कमजोर युवाओं की सोची-समझी हत्या की आउट-सोर्सिंग कहा।

### इन दो मामलों में सामने आई सच्चाई

अटिला अजीमोव (18) ने पिछले साल फरवरी में इसने स्टॉकहोम में एक 20 साल के स्टूडेंट को गोली मार दी थी। अजीमोव ने पैसे के लिए ये काम किया था, लेकिन पेमेंट से पहले ही पकड़ा गया। उसे उम्रकैद हुई। जोहान्स नैटलैंड ने इसे UK में वेस्ट यॉर्कशायर में एक मर्डर की साजिश के लिए सजा हुई। नैटलैंड को पहला मैसेज मिला था इंग्लैंड में किलिंग 270k यानी 270,000 नॉर्वेजियन क्रोनर।

इसके जवाब में यूरोपोल ने OTF GRIMM नाम की स्पेशल टास्क फोर्स बनाई है, जिसमें 11 यूरोपीय देशों की पुलिस है।


# अमेरिका के इडाहो में एक फास्ट-फूड रेस्तरां में गोलीबारी

### हमलावर समेत 4 लोगों की मौत

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के इडाहो राज्य के ट्विन फॉल्स शहर में एक 'इन-एन-आउट' रेस्तरां में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शनिवार दोपहर को एक बंदूकधारी ने रेस्तरां में अंधाधुंध गोलियां चला दीं। इस दर्दनाक हमले में 3 लोगों की मौत हो गई और 7 अन्य लोग घायल हो गए। हमलावर ने बाद में खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। स्थानीय पुलिस अधिकारियों और सीबीएस न्यूज ने रविवार को इस घटना की पुष्टि की।

पुलिस प्रमुख मैथ्यू हिक्स ने बताया कि हमलावर की पहचान 24 वर्षीय चैड विलियम्स के रूप में हुई है, जिसकी मौके पर ही खुद को गोली मारने से मौत हो गई। बता दें कि यह खौफनाक वारदात शनिवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 2:30 बजे हुई। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में





लोग जान बचाने के लिए पार्किंग एरिया से भागते हुए नजर आए और गोलियों की आवाजें सुनाई दीं। पुलिस प्रमुख ने बताया कि एक ऑफ-ड्यूटी पुलिसकर्मी और एक स्थानीय नागरिक ने तुरंत बहादुरी दिखाते हुए हमलावर का सामना किया और उससे गोलीबारी की। पुलिस का मानना है कि इन दोनों के साहसी कदम की वजह से हमलावर वहां से पीछे हटने पर मजबूर हुआ, जिससे और अधिक लोगों की जान बच गई।

सेंट ल्यूक मैजिक वैली मेडिकल सेंटर के अनुसार, 2 घायलों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। वहीं, 2 लोगों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और 3 अन्य की स्थिति स्थिर है। इसके साथ ही 'इन-एन-आउट' की अध्यक्ष लिंसी स्नाइडर ने दुख जताते हुए पुष्टि की कि मृतकों में उनकी एक महिला कर्मचारी भी शामिल हैं, जो ग्राहकों की सेवा कर रही थीं।

**बौखलाहट :** अफगान मंत्री के भारत दौरे से पाकिस्तान में हड़कंप मचा, भारत की क्षेत्रीय कूटनीतिक जीत

# भारत-तालिबान की नजदीकियों से परेशान हुआ नापाक पड़ोसी पाकिस्तान

इस्लामाबाद, एजेंसी

दुनियाभर में कटोरा लेकर घूम रहे पाकिस्तान की गीदड़भभकी कोई नई बात नहीं है। ऐसे में एक बार फिर अब नापाक पड़ोसी पाकिस्तान की झुंझलाहट और भारत-अफगानिस्तान के बीच बढ़ती नजदीकियों से बौखलाहट खुलकर सामने आ गई है। इसी क्रम में नापाक पड़ोसी की खराब मंशा तब सामने आई, जब पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता और इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशन (ISPR) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भारत और तालिबान के संबंधों पर जहर उगला। इतना ही नहीं भारत-अफगानिस्तान के रिश्ते को 'मालिक और गुलाम' बताया और अफगान तालिबान पर



जमकर भड़ास निकाली।

ऐसे में अपनी इस बेइज्जती से तिलमिलाए पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता ने धार्मिक कार्ड खेलते हुए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कुरान का हवाला देते हुए गैर-मुसलमानों को दोस्त नहीं बनाया जा सकता। पाकिस्तानी सेना के अधिकारी ने तालिबान पर तंज कसते हुए यह भी सवाल उठाया कि जो शासन महिलाओं और बच्चों पर जुल्म ढाता है और फतवे जारी करता है, उसका इस्लाम से क्या लेना-देना है?

देखा जाए तो पाकिस्तान का यह बयान उसकी अपनी खोखली धमकियों और गहरी हताशा को साफ-साफ बयां करता है। जो पाकिस्तान कभी तालिबान को पालने-पोसने का दावा करता था, आज वही तालिबान पाकिस्तान को पूरी तरह नजरअंदाज कर भारत के साथ हाथ बढ़ा रहा है।

### पूरे विवाद की शुरुआत कहां से हुई?

बता दें कि पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब कुछ समय पहले अफगानिस्तान के कृषि मंत्री मौलवी अताउल्लाह ओमारी ने भारत का दौरा किया था। नई दिल्ली में एक व्यापारिक कार्यक्रम के दौरान अफगान मंत्री ने भारत की खुलकर तारीफ की थी।

> ओमारी ने कहा था कि भारत में उतरते ही उन्हें ऐसा महसूस हुआ जैसे वे अपने ही देश और अपनों के बीच आ गए हैं। उन्होंने यहां तक कहा था कि भारत सरकार और वहां के लोगों ने उनका जो गर्मजोशी से स्वागत किया, उससे उन्हें लगा कि हमारा डीएनए एक है। अफगान मंत्री के इस बयान और भारत के साथ बढ़ते व्यापारिक व कूटनीतिक तालमेल ने रावलपिंडी और इस्लामाबाद की नींद उड़ा दी है।

### भारत के नजरिए से कूटनीतिक जीत

भारत के रणनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाए, तो यह घटना भारत की बढ़ती क्षेत्रीय कूटनीति की एक बड़ी सफलता है। इसका कारण है कि एक समय पर पाकिस्तान के इशारे पर नाचने वाला तालिबान आज पाकिस्तान की हर बात को दरकिनार कर नई दिल्ली के साथ व्यापारिक और राजनयिक संबंध मजबूत कर रहा है।

# 2015 से ग्लोबल वार्मिंग की बढ़ी रफ्तार

### 2015 के बाद ग्लोबल वार्मिंग की रफ्तार में वृद्धि

वॉशिंगटन, एजेंसी

विज्ञानियों ने पता लगाया है कि ग्लोबल वार्मिंग की रफ्तार बढ़ गई है। 2015 के आसपास से ग्लोबल वार्मिंग की रफ़्तार बढ़ी है। पाट्सडैम इंस्टीट्यूट फार क्लाइमेट इंपैक्ट रिसर्च (पीआइके) के विश्लेषण के आधार पर विज्ञानियों ने यह दावा किया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि दुनिया का तापमान लगभग 0.35 डिग्री सेल्सियस प्रति दशक की अनुमानित रफ़्तार से बढ़ रहा है। 1970 से 2015 के बीच तापमान बढ़ने की औसत दर 0.2डिग्री सेल्सियस प्रति दशक से थोड़ी कम थी। यह अध्ययन वैज्ञानिक जर्नल जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स में प्रकाशित हुआ है।

साइंस डेली की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी सांख्यिकी विशेषज्ञ और इस अध्ययन के सह-लेखक ग्रांट फोस्टर ने कहा, हम 2015 के आसपास से ग्लोबल वार्मिंग में तेजी आई है।

तापमान के सभी पांचों रिकार्ड में एक जैसा ही पैटर्न दिखा, भले ही ये डाटा अलग-अलग वैज्ञानिक संगठनों ने तैयार किए थे और इनमें अलग-अलग तरीकों का इस्तेमाल किया गया था।



- तापमान अब 0.35डिग्री सेल्सियस प्रति दशक की दर से बढ़ा।
- कई वैज्ञानिक डेटासेट ने इस त्वरण की पुष्टि की।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।

मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96